शनिवार, 6 दिसम्बर 2025

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 15 – 26 |
| आर्द्रता | 50% |
| सूर्योदय: 6:02 | सूर्यास्त: 16:52 |

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर



'कवच' पर तेजी से काम जारी, इसे 1980-90 के दशक में ही हो जाना चाहिए था: वैष्णव पृष्ठ 7

सुविचार : निन्दा सावधानी से सुननी चाहिए, निन्दा कभी-कभी मनुष्य को जिन्दा करती है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# मोदी-पुतिन ने किया 'डील ऑफ द डिकेड'

## भारतीयों को रूस में नौकरी, रूसियों को 30 दिन का फ्री वीजा, नेशनल करेंसी में ट्रेड

- दो दिनों की भारत यात्रा पूरी कर रूस के लिए रवाना हुए प्रेसिडेंट पुतिन
- मोदी-पुतिन ने निवेश संरक्षण समझौते को जल्द पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया
- मोदी ने पुतिन को असम की काली चाय, कश्मीरी केसर और भगवद गीता उपहार में दिए



**नयी दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को सिर्फ एक राजनयिक इवेंट कहना कम होगा। शुक्रवार का पूरा दिन जिस तरह लगातार समझौतों, प्रेस ब्रीफिंग, बिजनेस ऐलान और नए रोडमैप से भरा दिखा, उसने साफ कर दिया कि भारत-रूस रिश्ते एक बड़े मोड़ पर हैं। नौकरियों से लेकर व्यापार, ऊर्जा से लेकर टेक्नोलॉजी, कनेक्टिविटी से लेकर कूटनीति हर फ्रंट पर दोनों देशों ने ऐसे फैसले किए जिन्हें असल मायने में 'डील ऑफ द डिकेड' कहा जा सकता है।

सबसे बड़ा बदलाव तब दिखा जब मैनपावर मोबिलिटी एग्रीमेंट पर दस्तखत हुए। मतलब भारतीय कामगारों के लिए रूस में नौकरी और स्किल-बेस्ड अवसरों के नए दरवाजे। इसके साथ ही मोदी सरकार ने रूसी नागरिकों के लिए 30 दिनों का फ्री वीजा घोषित कर दिया। वहीं दोनों देशों ने तय किया कि व्यापार को बेहद आसान बनाने के लिए नेशनल करेंसी में पेमेंट को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। इन फैसलों ने यह संदेश साफ कर दिया कि आने वाले दशक में भारत-रूस साझेदारी और भी असरदार होने जा रही है। दोनों पक्षों ने कुल 16 समझौतों पर हस्ताक्षर किए जिनमें भारत से रूस तक कुशल श्रमिकों की आवाजाही से संबंधित एक समझौता भी शामिल है।

**क्यों भारत-रूस रिश्तों में दिखा 'बिग पुश'?**

बैठक की शुरुआत में पीएम मोदी ने रूसी भाषा में राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत किया। यह सिर्फ प्रोटोकॉल नहीं, बल्कि उस भरोसे का संकेत था जो दोनों देशों के संबंधों को दशकों से मजबूत बनाए हुए है। मोदी ने कहा कि दुनिया जितनी अनिश्चितताओं से गुजर रही है, उतनी ही मजबूती से भारत-रूस रिश्ते 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' बने हुए हैं। दोनों नेताओं ने 2030 का बड़ा आर्थिक रोडमैप भी फाइनल किया। इसमें व्यापार, निवेश, लॉजिस्टिक्स, नई तकनीक, ऊर्जा और कनेक्टिविटी जैसे सेक्टरों में विस्तार की योजना शामिल है। पृष्ठ 7

**संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने कई अहम समझौते और घोषणाएं कीं**

- भारतीय कामगारों के लिए मैनपावर मोबिलिटी एग्रीमेंट।
- रूसियों के लिए 30 दिन का फ्री वीजा।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में 2 अहम समझौते: मेडिकल को-ऑपरेशन, ट्रेनिंग, टेक्नोलॉजी साझेदारी।
- कृषि-फर्टिलाइजर सेक्टर में संयुक्त यूरिया उत्पादन।
- ऊर्जा क्षेत्र में अनइंटरप्टेड फ्यूल सप्लाई का आश्वासन।
- राष्ट्रीय करेंसी में दोनों देशों के बीच ट्रेड तेज।
- यूरोपीय-यूरेशियन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर प्रगति।
- शिप बिल्डिंग में सहयोग- 'मेक इन इंडिया' को बड़ा बूस्ट।

**भारत-रूस 2030 से पहले 100 अरब डॉलर का आपसी व्यापार लक्ष्य हासिल कर लेंगे: मोदी**

## मोदी और पुतिन ने आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर चर्चा की, वैश्विक लड़ाई का आह्वान किया

भारत और रूस ने शुक्रवार को आतंकवाद के खिलाफ बिना किसी गुप्त एजेंडे और दोहरे मापदंड के बिना किसी समझौते के वैश्विक लड़ाई का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह खतरा मानवता के मूल्यों पर सीधा हमला है। प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने द्विपक्षीय शिखर वार्ता में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम और मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए आतंकवादी हमलों की निंदा की और आतंकवाद के प्रति ' कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने आतंकवादियों की सीमापार से घुसपैठ और आतंकवाद के वित्तपोषण सहित सभी प्रकार के आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### भारत-रूस ने पंचवर्षीय आर्थिक मसौदे पर सहमति जताई

भारत और रूस ने अमेरिका द्वारा दंडात्मक शुल्क और प्रतिबंध लगाने से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार को आर्थिक और व्यापारिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक पंचवर्षीय योजना पर सहमति जताई। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि यूक्रेन में जारी युद्ध को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए। दुनिया भर की नजर मोदी और पुतिन के बीच होने वाली बातचीत पर रही जिसमें दोनों नेताओं ने आठ दशक से अधिक पुरानी भारत-रूस मित्रता को नई गति प्रदान करने की अपनी दृढ़ इच्छा प्रदर्शित की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद यह मित्रता ''ध्रुव तारे'' की तरह अडिग बनी हुई है।

### भारत, रूस ने ध्रुवीय क्षेत्रों में जहाज विशेषज्ञों के प्रशिक्षण हेतु समझौता किया

भारत और रूस ने शुक्रवार को ध्रुवीय जल में संचालित होने वाले जहाजों के लिए विशेषज्ञों के प्रशिक्षण हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आए हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा जारी संयुक्त बयान के अनुसार, ''ध्रुवीय जल में परिचालन करने वाले जहाजों के लिए विशेषज्ञों के प्रशिक्षण हेतु भारत सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय और रूस सरकार के परिवहन मंत्रालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।''

### भारत-रूस की उर्वरक कंपनियों ने 1.2 अरब डॉलर की यूरिया संयंत्र लगाने का समझौता किया

भारत की तीन उर्वरक कंपनियों - आरसीएफ, आईपीएल और एनएफएल - ने शुक्रवार को रूस की कंपनी यूरालकेम के साथ 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) की अनुमानित लागत से एक नया यूरिया संयंत्र स्थापित करने के लिए समझौता किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। रूस के किसी शहर में लगने वाले इस संयंत्र की सालाना क्षमता 20 लाख टन होगी और इसके 2028 के मध्य तक चालू होने की उम्मीद है। भारत यूरिया का शुद्ध आयातक है और इस समझौते से उसे सुरक्षित और निश्चित आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

### पीएम मोदी 20 दिसंबर को राणाघाट में करेंगे चुनावी शंखनाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 दिसंबर को नदिया जिले के राणाघाट में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यह बैठक राज्य में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले आयोजित की जाएगी। बताया जा रहा है कि यह बैठक नदिया जिले के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखकर आयोजित की जा रही है। प्रदेश भाजपा नेता डॉ. अनिर्बन गांगुली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 दिसंबर को नदिया जिले के राणाघाट में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके इस दौरे में 'व्यापक' जनभागीदारी की उम्मीद है।

### ईडी ने रिलायंस समूह की 10000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कुर्क हुईं

**नयी दिल्ली :** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ चल रही धनशोधन जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्क की नयी संपत्तियों में मुंबई में रिलायंस सेंटर, एक गेस्टहाउस और कुछ आवासीय संपत्तियां, चेन्नई में 231 भूखंडों समेत 1,120 करोड़ रुपये की संपत्तियां शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि ये संपत्तियां 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल)' और 'रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल)' की हैं तथा यह धनशोधन जांच यस बैंक में कथित धोखाधड़ी से जुड़ी है। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने इससे पहले इस कारोबारी समूह की 8,997 करोड़ रुपये से ज़्यादा की संपत्ति कुर्क की थी तथा ताज़ा कार्रवाई के साथ, रिलायंस समूह की कुल कुर्क संपत्ति का मूल्य 10,117 करोड़ रुपये हो गया है।

## भारत-रूस मित्रता 'ध्रुव तारे' की तरह अडिग, यूक्रेन में शांति के लिए योगदान देने को तैयार: मोदी

**नयी दिल्ली :** भारत और रूस ने मजबूत आर्थिक साझेदारी के लिए पंचवर्षीय योजना बनाने और व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को दूर करने पर सहमति जताई। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि यूक्रेन में युद्ध को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए। मोदी और पुतिन के बीच शिखर वार्ता का मुख्य बिंदु तेल और रक्षा के पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग से हटकर आर्थिक साझेदारी को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाना था, हालांकि पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर रूस के साथ अपने संबंधों को कम करने के लिए दबाव बढ़ रहा था। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने आठ दशक से अधिक पुरानी भारत-रूस मित्रता को नयी गति देने के अपने दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मित्रता ''ध्रुव तारे'' की तरह अडिग बनी हुई है। पुतिन ने कहा कि रूस भारत को ईंधन की ''निरंतर आपूर्ति'' करने के लिए तैयार है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका भारत पर रूस से कच्चे तेल की आपूर्ति रोकने के लिए दबाव बढ़ा रहा है।

### वक्फ पंजीकरण की समयसीमा नहीं बढ़ेगी, मुत्तवलियों को तीन महीने की राहत मिलेगी: रीजीजू

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समयसीमा बढ़ाने की संभावना से शुक्रवार को इनकार किया और कहा कि पंजीकरण नहीं कर पाने वाले 'मुत्तवलियों' (वक्फ का देखभाल करने वाले) को तीन महीने तक जुर्माने और किसी कठोर सजा से राहत दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि शुक्रवार सुबह तक 1.51 लाख संपत्तियों का पंजीकरण हो चुका था। मंत्री का यह भी कहना था कि जो लोग पंजीकरण नहीं कर पाए हैं वो वक्फ न्यायाधिकरण का रुख कर सकते हैं। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''मंत्री ने स्पष्ट किया है कि वक्फ संशोधन अधिनियम के तहत अनिवार्य छह महीने की समय सीमा समाप्त हो गई है और अधिनियम के प्रावधानों और उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के कारण इसे बढ़ाया नहीं जा सकता है।'' विज्ञप्ति में कहा गया है, ''हालांकि, मुतवल्लियों की चिंताओं को समझते हुए मंत्री ने आश्वासन दिया कि मंत्रालय मानवीय और सुविधाजनक उपाय के रूप में अगले तीन महीनों तक कोई जुर्माना नहीं लगाएगा और कोई कठोर कार्रवाई नहीं करेगा।''

## आरबीआई ने रेपो दर 0.25 प्रतिशत घटाई, कर्ज होंगे सस्ते

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को वृहद आर्थिक स्थिति और वैश्विक परिस्थितियों पर गौर करते हुए प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी शुल्क के प्रभावों से निपटने के लिए 'बेहद संतुलित' अर्थव्यवस्था को समर्थन देने वाले कदमों की भी घोषणा की। आरबीआई के रेपो दर में कटौती से आवास, वाहन और वाणिज्यिक कर्ज सस्ता होने की उम्मीद है। अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया। इसके अलावा महंगाई दर के अनुमान को 2.6 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है। इस तरह वर्ष 2025 में रेपो दर में अब तक कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की जा चुकी है। इससे पहले, केंद्रीय बैंक ने इस साल फरवरी से जून तक रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती की थी। वहीं अगस्त और अक्टूबर में मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया था। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीस) की तीन-दिवसीय बैठक में लिए गए इन निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''एमपीसी ने आम सहमति से रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 5.25 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। रेपो दर में इस कटौती से आरबीआई ने डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 90 के भी पार चले जाने से जुड़ी आशंकाएं दरकिनार करने की कोशिश की है। इस साल डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में पांच प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है जो एशिया की सभी मुद्राओं के बीच सबसे खराब प्रदर्शन है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। पृष्ठ 6

## शादी की उम्र न हुई हो, तब भी 'लिव-इन' में रह सकते हैं बालिग: राजस्थान उच्च न्यायालय

**जयपुर :** राजस्थान उच्च न्यायालय ने कहा कि दो बालिग व्यक्ति अपनी मर्जी से 'लिव-इन' में रह सकते हैं भले ही अभी उनकी शादी के लिए जरूरी कानूनी उम्र न हुई हो। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि किसी के संवैधानिक अधिकारों को इस आधार पर कम नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति अनूप ढांड ने कोटा निवासी 18 वर्षीय महिला और 19 वर्षीय पुरुष द्वारा सुरक्षा के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। महिला और पुरुष ने अदालत को बताया कि वे अपनी मर्जी से साथ रह रहे हैं। इस आदेश की प्रति बृहस्पतिवार को उपलब्ध हुई। इस युगल ने कहा कि उन्होंने 27 अक्टूबर 2025 को 'लिव-इन एग्रीमेंट' किया था। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि महिला के परिवार ने इस रिश्ते का विरोध किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कोटा पुलिस में इस बारे में शिकायत की तो उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिका का विरोध करते हुए लोक अभियोजक विवेक चौधरी ने कहा कि चूंकि युवक की उम्र 21 साल नहीं हुई है, जो पुरुषों के लिए शादी की न्यूनतम कानूनी उम्र है तो उसे 'लिव-इन' में रहने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। अदालत ने इस दलील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत जीवन और निजी आजादी के अधिकार को सिर्फ़ इसलिए नहीं नकारा जा सकता कि याचिकर्ताओं की शादी के लिए जरूरी कानूनी उम्र नहीं हुई है। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, ''सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह हर व्यक्ति के जीवन और आजादी की रक्षा करे।'' उन्होंने कहा कि भारतीय कानून के तहत 'लिव-इन' पर रोक नहीं है और न ही इसे अपराध माना जाता है। उन्होंने भीलवाड़ा और जोधपुर (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक को याचिका में उल्लेखित तथ्यों का सत्यापन करने व जरूरत पड़ने पर युगल को जरूरी सुरक्षा देने का निर्देश दिया।

# इंडिगो की सेवाओं में व्यवधान से हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी




**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के राष्ट्रीय राजधानी से प्रस्थान करने वाली शुक्रवार को सभी उड़ानों सहित करीब 1000 से अधिक और चार दिनों में 1700 से अधिक उड़ानें रद्द करने से देश भर में हजारों यात्री कई घंटों तक फंसे रहे और हवाई यात्रा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी पटरी से उतरी नजर आई। इंडिगो के पायलटों के उड़ान-समय के लिए नए नियमों की योजना बनाने में विफल रहने के कारण यह संकट उत्पन्न हुआ। इंडिगो का संकट उन नए नियमों से खड़ा हुआ जिनके तहत पायलटों के साप्ताहिक आराम की जरूरत के समय को 12 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया। साथ ही सप्ताह में केवल दो बार रात में लैंडिंग की अनुमति दी गई है, जो पहले छह हुआ करती थी। इंडिगो ने इन व्यवधानों के लिए '' गलत फैसलों और योजनागत कमियों '' को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली हवाई अड्डे ने घोषणा की कि शुक्रवार को इंडिगो की करीब 235 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। चेन्नई हवाई अड्डे ने भी प्रमुख महानगरीय गंतव्यों के लिए सभी उड़ानें शाम छह बजे तक रोक दी हैं। हवाई अड्डा सूत्रों ने बताया कि इंडिगो ने मुंबई में 104, बेंगलुरु में 102, हैदराबाद में 92 और कोलकाता में 50 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं।

**इंडिगो की 1,000 उड़ानें रद्द, स्थिति 15 दिसंबर तक सामान्य होने की उम्मीद: सीईओ एल्बर्स**

इंडिगो की 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द किये जाने के बीच एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने शुक्रवार को कहा कि 10 से 15 दिसंबर के बीच स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। एल्बर्स ने एक वीडियो संदेश में उड़ानें रद्द होने के कारण यात्रियों को हुई भारी असुविधा के लिए माफी मांगी।

**इंडिगो का परिचालन तीन दिन में सामान्य हो जाएगा, जांच के आदेश दिए गए: नायडू**

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि नए उड़ान शुल्क मानदंडों को स्थगित रखने सहित विभिन्न परिचालन उपायों से इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान को दूर करने में मदद मिलेगी और अगले तीन दिन में सेवाएं पूरी तरह बहाल होने की उम्मीद है। नायडू ने बयान में कहा कि सरकार ने इंडिगो में व्यवधान के कारणों का पता लगाने और जवाबदेही तय करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच शुरू करने का भी निर्णय लिया है।

**इंडिगो संकट के बीच रेलवे पर बढ़ा दबाव!**

दिल्ली से कोलकाता, मुंबई, जयपुर, इंदौर, अहमदाबाद, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, जम्मू और श्रीनगर के लिए चलने वाली ट्रेनों में अचानक यात्री दबाव कई गुना बढ़ गया है। वही, इन रूटों की ओर जाने वाली बसों के किराए भी दस गुना तक बढ़ गए है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि बीते 24 घंटों में यात्रियों की संख्या में अप्रत्याशित उछाल दर्ज किया गया है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ा कदम उठाया है। इंडिगो फ्लाइट के रद्द होने से फंसे लोगों की मुश्किलें कम करने के लिए 37 ट्रेनों में कुल 116 कोच अतिरिक्त जोड़े जाएंगे। इससे यात्रा करने वाले यात्रियों को सीट मिलने में राहत मिलेगी और भीड़ का दबाव भी कम होगा। इसके अलावा रेलवे कई रूटों पर स्पेशल ट्रेन को भी जल्द शुरु करेगा। पृष्ठ 3

### डीजीसीए ने वापस लिया रोस्टर पर अपना आदेश

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को क्रू-ड्यूटी की एक ज़रूरी ज़रूरत में ढील दी, क्योंकि इंडिगो के ऑपरेशनल संकट की वजह से देश भर में हवाई यात्रा में रुकावट आ रही थी, जिससे हज़ारों फ़्लाइट कैंसिल हो गईं और बड़े पैमाने पर देरी हुई। एक ऑफिशियल ऑर्डर में, रेगुलेटर ने कहा कि वह उस नियम को कुछ समय के लिए वापस ले रहा है, जो एयरलाइंस को हफ़्ते के आराम की जगह जमा हुई छुट्टी लेने से रोकता था। इस रोक की वजह से मौजूदा संकट के दौरान क्रू रोस्टरिंग मुश्किल हो गई थी।



# सिमटते जलस्रोत व ज़हरीला होता पेयजल

निस्संदेह, पंजाब इन दिनों दोहरे जल संकट से जूझ रहा है। एक ओर जहां अंधाधुंध भू-गर्भीय जल के दोहन से उसका जलस्तर गिर रहा है, वहीं कीटनाशकों व रासायनिक खादों के बेतहाशा इस्तेमाल से पानी जहरीला होता जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय भूजल बोर्ड यानी सीजीडब्ल्यूबी के नवीनतम आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। संस्था के नवीनतम निष्कर्ष बताते हैं कि पंजाब 156.36 फीसदी भूजल दोहन के साथ इसके अत्यधिक इस्तेमाल में देशभर में अग्रणी है। जो इस बात को रेखांकित करता है कि पंजाब में इसके जलस्रोतों का कितने खतरनाक ढंग से अत्यधिक दोहन किया जा चुका है। लेकिन यह संकट यही समाप्त नहीं हो जाता। इस संकट से जुड़ी त्रासदी यह भी है कि सीजीडब्ल्यूबी की नवीनतम वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट-2025 बताती है कि पंजाब में परीक्षण किए गए भूजल के 62.5 फीसदी नमूनों में यूरेनियम सुरक्षित सीमा से कहीं अधिक मात्रा में पाया गया है। निश्चित रूप से भू-गर्भीय जल के अत्यधिक दोहन और पानी की गुणवत्ता में गिरावट में गहरा संबंध है। दरअसल, अत्यधिक भूजल दोहन से पानी का स्तर नीचे चला जाता है, जिसके चलते गहरे बोरवेल लगाने पड़ते हैं। जो भूगर्भीय रूप से अस्थिर, खनिज-समृद्ध परतों से पानी खींचते हैं। जो अक्सर यूरेनियम, आर्सेनिक, नाइट्रेट या लवणता से भरी होती हैं। इसके साथ ही, दशकों से चली आ रही सघन कृषि, अधिक सिंचाई वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिये भारी मात्रा में सिंचाई और रासायनिक उर्वरकों की जरूरत होती है। जिसके चलते भूजल व मिट्टी दोनों ही में प्रदूषकों का रिसाव तेज हो जाता है। इस भयावह संकट को पिछले दिनों राज्यसभा में राजनीतिक आवाज तब मिली, जब सांसद राघव चड्ढ ा ने पंजाब में विषाक्त जल संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने चेताया था कि भारी धातुओं और रेडियोधर्मी प्रदूषकों वाला पानी आम लोगों के स्वास्थ्य पर घातक असर डाल रहा है। ऐसा करके उन्होंने देश के नीति नियंताओं को आईना दिखाने का प्रयास ही किया है।

दरअसल, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में इस चिंता को अभिव्यक्त करके, पर्यावरणीय आंकड़ों के जरिये लंबे समय से दिए जा रहे संकेतों को स्पष्ट रूप से उजागर ही किया है। हमें इस बात का अहसास होना चाहिए कि यह अब कोई दूरगामी पर्यावरणीय चिंता नहीं बल्कि हमारे सामने एक उभरती हुई जन-स्वास्थ्य की आपात स्थिति ही है। देश में अकसर उस ट्रेन का जिक्र किया जाता रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पंजाब के लोग कैंसर के उपचार के लिये राजस्थान के विभिन्न अस्पतालों में जाया करते हैं। जिसे अकसर कैंसर ट्रेन के नाम से पुकारा भी जाता रहा है। निस्संदेह, राज्य के कुओं, बोरवेल या हैंडपंप पर निर्भर लाखों पंजाबियों के लिये, इसका मतलब है कि उनके लिये रोजाना पीने का पानी ही स्वास्थ्य खतरा बन सकता है। जिसके उपयोग से उनके गुर्दे की क्षति, कैंसरकारी घातक प्रभाव और प्रजनन व शारीरिक विकास संबंधी नुकसान हो सकता है। निस्संदेह, इस दिशा में तत्काल निर्णायक कार्रवाई करने की सख्त आवश्यकता है। समय की मांग है कि तत्काल प्रभाव से भूजल के अंधाधुंध दोहन पर सख्त अंकुश लगाया जाए। इसके लिये बेहद जरूरी है कि कृषि क्षेत्र पर ध्यान देकर, कम पानी का उपयोग करने वाली फसलों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहित किया जाए। राज्य के हर शहर व गांव में भूजल गुणवत्ता परीक्षण की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध करायी जाए। प्रदूषित पेयजल के प्रभावी उपचार के साथ ही सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही औद्योगिक व कृषि प्रदूषकों पर नियंत्रण के लिये पारदर्शी व सख्त कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वच्छ पेयजल अनंत मात्रा में उपलब्ध नहीं है। हम इसे असीमित संसाधन के बजाय एक नाजुक जीवन रेखा के रूप में देखें। यदि आज हमने समय रहते हुए पेयजल को सुरक्षित व संरक्षित नहीं किया तो आने वाली पीढ़ियां पेयजल संकट से जूझने को अभिशप्त होंगी। इतना ही नहीं, उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट भी विरासत के रूप में मिलेगा। जिसके लिये वे हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 दिसम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष द्वितीया, 21:30 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 08:48 तक, योग : शुभा, 23:41 तक, सूर्योदय: 06:02, सूर्यास्त: 16:52, चन्द्रोदय : 18:44, चन्द्रास्त: 08:30, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 09:38 से 10:55

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को जीवन साथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा। राशि का स्वामी मंगल-पाप ग्रहों की संगति में है। रात्रि के समय प्रियजनों से भेंट होगी।

**वृष :** आज का दिन वृष राशि वालों का संतोष और शांति से गुजरने वाला है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों का दिन आज थोड़ा परेशान करने वाला दिख रहा है। राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की संभावना बनी रहेगी।

**कर्क :** कर्क राशि द्वादश भाव में चंद्रमा उत्तम संपत्ति का संकेत दे रहा है। आज के दिन आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होती दिख रही है।

**सिंह :** राशि का स्वामी सूर्य मित्र ग्रहों के बीच में आ गया है। ऐसे में सिंह राशि के जातकों की आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको समाज में सम्मान दिलाएगी।

**कन्या :** कन्या का राशि स्वामी बुध सुख की वृद्धि कर रहा हैं। ऐसे में रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। शुभ खर्चा व कीर्ति की वृद्धि होगी।

**तुला :** आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है।

**वृश्चिक :** आपकी राशि से एकादश-द्वादश त्रिग्रही योग अभी कुछ दिन और चलेगा। इसके फलस्वरूप कुछ आंतरिक विकार आपको परेशान कर सकते हैं। आज का दिन इस सबकी जांच कराने का है।

**धनु :** आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। धनु राशि के जातकों को शासन और सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ मिलता हुआ दिख रहा है।

**मकर :** आज मकर राशि के जातकों को पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास लाभदायक साबित होंगे। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

**कुम्भ :** आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है। ऐसे में बिना वजह के विवाद उतपन्न हो सकते हैं। अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मीन :** आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

# श्रमिक अधिकारों से राष्ट्र निर्माण तक: बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर



अर्जुन राम मेघवाल

आज, हम एक विराट व्यक्तित्व के स्वामी और आधुनिक मानव समाज की दिशा निर्धारित करने वाले प्रगतिशील उपायों के पुरोधा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मना रहे हैं। एक विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, दार्शनिक, समाज सुधारक और इन सबसे अधिक एक राष्ट्र-निर्माता के रूप में उनके अथक प्रयासों ने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने केवल भारत के संविधान का मसौदा ही तैयार नहीं किया बल्कि एक ऐसे समावेशी और सशक्त राष्ट्र का खाका भी प्रस्तुत किया जहां प्रत्येक नागरिक की गरिमा की रक्षा हो और सभी को समान अवसर प्राप्त हो सके। इन मूलभूत मूल्यों से प्रेरित होकर मोदी सरकार ने जन कल्याण और सुशासन को बढ़ावा देने वाली कई पहलें की हैं।

27 नवंबर, 2025 को पेरिस स्थित यूनेस्को (UNESCO) मुख्यालय में भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संपूर्ण विश्व डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण का साक्षी बना। विश्व के गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष यह प्रतिमा न केवल भारत के एक नेता के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में बल्कि न्याय के एक सार्वभौमिक प्रतीक के रूप में खड़ी है। पट्टिका पर भारत के संविधान का शिल्पकार लिखा है, फिर भी ये शब्द उस व्यक्ति की विरासत का पूरी तरह से उल्लेख नहीं कर सकते, जिसने न केवल भारत के संविधान का मसौदा तैयार किया, बल्कि एक पूरे राष्ट्र को समग्रतः आकार देने में मदद की।

अपने पूरे जीवनकाल में, बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के अधिकार और उनके कल्याण की वकालत करते हुए न्याय के लिए संघर्ष किया। गोलमेज सम्मेलन (Round Table Conference) में दलित वर्गों (Depressed Classes) के प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने जीवन निर्वाह मजदूरी, काम करने की उचित स्थिति, दमनकारी जमींदारों से किसानों की मुक्ति और दबे-कुचले लोगों को प्रभावित करने वाली सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन की पुरजोर वकालत की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से श्रमिकों और दलितों की पीड़ा को देखा था। बंबई में, वह बंबई डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की एक कमरे वाली चॉल (tenements) में मिल मजदूरों के साथ 10 साल से अधिक समय तक रहे, जहाँ कोई आधुनिक सुविधाएँ नहीं थीं और प्रत्येक मंजिल पर सभी उद्देश्यों के लिए केवल एक शौचालय और एक नल था। इन परिस्थितियों ने उन्हें श्रमिकों के जीवन को काफी नजदीक से समझने का अवसर दिया। उन्होंने आम जनता को एकजुट किया और 1936 में भूमिहीन लोगों, गरीब काश्तकारों, कृषकों और श्रमिकों के कल्याण हेतु एक व्यापक कार्यक्रम के साथ इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी (खडज्ञ) की स्थापना की। 17 सितंबर, 1937 को बंबई विधानसभा के पुणे सत्र के दौरान, उन्होंने कोंकण में 'खोती' भूमि कार्यकाल प्रणाली को समाप्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया। 1938 में, उन्होंने बंबई में काउंसिल हॉल तक किसानों के मार्च का नेतृत्व किया और किसानों, श्रमिकों और भूमिहीनों के लोकप्रिय नेता बन गए। वह कृषि काश्तकारों की दासता (बंधुआ मजदूरी) को समाप्त करने के लिए विधेयक पेश करने वाले पहले भारतीय विधायक थे। उन्होंने औद्योगिक विवाद विधेयक (Industrial Disputes Bill), 1937 का भी कड़ा विरोध किया क्योंकि इसमें श्रमिकों के हड़ताल करने के अधिकार में कटौती की गई थी।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अनिश्चित वैश्विक व्यवस्था के दौर में डॉ. अंबेडकर ने वायसराय की कार्यकारी परिषद के श्रम सदस्य के रूप में भारत में मजदूरों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार होने और उद्योगों का विस्तार होने पर उद्यमियों को समृद्धि के अवसर मिले, लेकिन श्रमिकों को उनका उचित हिस्सा नहीं दिया गया। उस समय डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण उपाय पेश किए, जिससे सरकार की श्रम नीति की नींव पड़ी। उन्होंने श्रमिकों से जुड़े जटिल मुद्दों का बहुत दक्षता के साथ समाधान निकाला जिससे उन्हें कर्मचारियों व नियोक्ताओं दोनों से सम्मान प्राप्त हुआ।

वर्ष 1943 में बंबई से आकाशवाणी से किए गए अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर ने श्रमिकों के लिए स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित जीवन की उचित स्थिति सुरक्षित करने का आग्रह किया। उनके प्रयासों से श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने में मदद मिली। उन्होंने प्रमुख श्रम कानूनों के माध्यम से श्रमिकों के कल्याण हेतु अहम योगदान किया जिसमें युद्ध चोट (मुआवजा बीमा) विधेयक, असुरक्षित निरीक्षणों के कारण मिलों में होने वाली मृत्यु पर रोक लगाने से संबंधित बॉयलर (संशोधन) विधेयक 1943, भारतीय खान और ट्रेड यूनियन संशोधन विधेयक, खनिक मातृत्व लाभ संशोधन विधेयक, कोयला खान सुरक्षा (स्टोविंग) संशोधन विधेयक और कामगार मुआवजा संशोधन विधेयक शामिल हैं।

9 दिसंबर 1943 को, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने धनबाद कोयला खदानों का दौरा किया और खदानों के संचालन व श्रम स्थितियों का निरीक्षण करने के लिए जमीन से 400 फीट नीचे गए। इसके परिणामस्वरूप जनवरी 1944 का कोयला खान श्रम कल्याण अध्यादेश (Coal Mine Labour Welfare Ordinance) आया, जिससे श्रमिकों के कल्याण के लिए एक कोष बनाया गया। उन्होंने कोयले की खानों से निकाले गए कोयले पर कर को दोगुना करके इस कोष को मजबूत किया, जिससे खनिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित हुए। 8 नवंबर 1943 को, उन्होंने भारतीय ट्रेड यूनियन (संशोधन) विधेयक भी पेश किया, जिसमें नियोक्ताओं के लिए ट्रेड यूनियनों को मान्यता देना अनिवार्य कर दिया गया।

8 फरवरी 1944 को कोयला खदानों में महिलाओं के जमीन के भीतर काम पर से प्रतिबंध हटाने के विषय पर विधानसभा में बहस के दौरान डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने कहा, मुझे लगता है कि यह पहली बार है कि किसी भी उद्योग में लैंगिक आधार पर भेदभाव के बिना समान काम के लिए समान वेतन का सिद्धांत स्थापित किया गया है। यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। माइन्स मैटरनिटी बेनिफिट (संशोधन) बिल 1943 के माध्यम से उन्होंने मातृत्व लाभ को मजबूत किया और उन्हें अनुपस्थिति के कारण आर्थिक दंड से बचाने का प्रावधान किया। वर्ष 1945 में उन्होंने अधिनियम में और संशोधन किए ताकि महिलाओं को प्रसव से दस सप्ताह पहले जमीन के भीतर कार्य करने से बचाया सके और उनके लिए प्रसव से दस सप्ताह पहले और चार सप्ताह बाद कुल मिलाकर चौदह सप्ताह का मातृत्व अवकाश सुनिश्चित किया जा सके।

26 नवंबर 1945 को नई दिल्ली में भारतीय श्रमिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उन्होंने श्रमिकों के प्रति सरकार के दायित्वों की समीक्षा की और श्रमिकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के श्रम कानूनों की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। प्रगतिशील श्रम कल्याण कानून की आवश्यकता पर बल देते हुए, उन्होंने कहा:-

कोई यह कह सकता है कि अंग्रेजों को श्रम कानून की एक उचित संहिता बनाने में 100 साल लग गए, किंतु यह कोई तर्क नहीं है कि हमें भी भारत में 100 साल लगने चाहिए। इतिहास का अध्ययन केवल इस दृष्टि से नहीं किया जाना चाहिए कि दूसरे देशों की गलतियों की नकल कितनी अच्छी तरह की जाए। हम इतिहास का अध्ययन इसलिए करते हैं ताकि यह जान सकें कि लोगों ने क्या गलतियां की है और उनसे कैसे बचा जा सकता है। इतिहास हमेशा एक उदाहरण नहीं होता। अक्सर यह एक चेतावनी होता है।

अगले दिन उसी सम्मेलन में, उन्होंने कारखानों में काम के घंटे घटाकर 48 घंटे प्रति सप्ताह करने, वैधानिक औद्योगिक कैंटीन शुरू करने और कामगार मुआवजा अधिनियम, 1934 में संशोधन करने के लिए कानून प्रस्तावित किया। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी और भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 में संशोधन के लिए कानूनों का मसौदा तैयार करने की योजना भी घोषित की। 21 फरवरी 1946 को, डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने साप्ताहिक काम के घंटों को घटाकर 48 करने, ओवरटाइम दरों को तय करने और सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के लिए कारखाना (संशोधन) विधेयक पेश किया। प्रवर समिति (select committee) द्वारा समीक्षा के बाद, अंबेडकर द्वारा समर्थित यह ऐतिहासिक कानून 4 अप्रैल 1946 को पारित किया गया था।

अभ्रक खनन उद्योग में कल्याणकारी गतिविधियों के लिए एक कोष बनाने के लिए उनके द्वारा पेश किया गया अभ्रक खान श्रम कल्याण कोष विधेयक (Mica Mines Labour Welfare Fund Bill), 15 अप्रैल 1946 को पारित किया गया था। इसने बाल और महिला मजदूरों के लिए सुविधाओं और काम करने की स्थितियों में सुधार किया, जिसमें काम के घंटे और मजदूरी के मुद्दे शामिल थे। डॉ. अंबेडकर ने 11 अप्रैल 1946 को न्यूनतम वेतन विधेयक (Minimum Wages Bill) भी पेश किया, जिसमें समान नियोक्ता-श्रम प्रतिनिधित्व वाली सलाहकार समितियों और बोर्डों का प्रस्ताव था। बाद में 9 फरवरी 1948 को इसे कानून का रूप दिया गया।

डॉ. अंबेडकर ने कम्युनिस्टों के नेतृत्व वाले श्रमिक आंदोलन का विरोध किया, उन्होंने उत्पादन के सभी साधनों को नियंत्रित करने के मार्क्स के सर्वसत्तावादी दृष्टिकोण (totalitarian approach) को खारिज कर दिया। वह मार्क्स के इस विचार से असहमत थे कि निजी संपत्ति को खत्म करने से गरीबी और पीड़ा समाप्त हो जाएगी। अपने निबंध 'बुद्ध या कार्ल मार्क्स' में, वह लिखते हैं:-

क्या कम्युनिस्ट यह कह सकते हैं कि अपने मूल्यवान उद्देश्य को प्राप्त करने में उन्होंने अन्य मूल्यवान उद्देश्यों को नष्ट नहीं किया है? उन्होंने निजी संपत्ति को नष्ट कर दिया है। यह मानते हुए कि यह एक मूल्यवान उद्देश्य है, क्या कम्युनिस्ट यह कह सकते हैं कि इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया में उन्होंने अन्य मूल्यवान उद्देश्यों को नष्ट नहीं किया है? अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए उन्होंने कितने लोगों को मारा है। क्या मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं है? क्या वे मालिक की जान लिए बिना संपत्ति नहीं ले सकते थे?

संविधान का मसौदा तैयार करते समय, डॉ. अंबेडकर ने एकसमान कानून और अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ संरेखण सुनिश्चित करने के लिए श्रम को समवर्ती सूची (Concurrent List) में रखा। उनकी दूरदर्शिता ने संविधान में बंधुआ मजदूरी को अवैध घोषित करके उसे समाप्त कर दिया।

हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए ठशेषीा, झशीषीा रपव ढीरपीषीा मंत्र से प्रेरित होकर तथा डॉ. अंबेडकर के मूल्यों का अनुसरण करते हुए हमारी सरकार ने चार व्यापक श्रम संहिताओं (labour codes)-मजदूरी, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण, और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और काम करने की स्थिति-को लागू किया है। इन सुधारों का उद्देश्य सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना, उत्पादकता को बढ़ावा देना, नौकरियां पैदा करना और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' की दिशा में भारत की आर्थिक समृद्धि को मजबूत करना है। फरवरी 2019 में शुरू की गई प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, असंगठित श्रमिकों के लिए वृद्धावस्था सुरक्षा प्रदान करती है, तथा मातृत्व संशोधन अधिनियम, 2017 द्वारा मातृत्व अवकाश को 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया गया है और क्रेच सुविधाओं को अनिवार्य बनाया गया है।

'श्रमेव जयते' की स्थायी भावना से निर्देशित होकर हम राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के अनगिनत योगदान को सम्मानित करते हैं। परम पूज्य बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस हमें इस महान राष्ट्र-निर्माता के दृष्टिकोण और कार्यों पर विचार करने का एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है। उनके आदर्श हमें राष्ट्र की विकास यात्रा को तीव्रतर बनाने तथा वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

**-केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार**

## समीक्षा स्पोर्ट्स

# बेल्जियम को हराकर भारत जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में



**चेन्नई :** रोमांच से भरे मुकाबले में भारत ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए बेल्जियम को 4-3 से शूटआउट में हराकर जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली। निर्धारित समय तक मैच 2-2 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने शूटआउट में बेहतरीन बचाव कर टीम को अंतिम चार में पहुंचाया। भारत का अगला मुकाबला सात दिसंबर को जर्मनी से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में स्पेन अर्जेंटीना से भिड़ेगा। निर्धारित समय में भारतीय टीम ने मुकाबले के आखिरी मिनट तक बढ़त बनाए रखी थी, लेकिन कोताही का फायदा उठाकर बेल्जियम के रोजे नाथन ने बराबरी गोल दागकर मैच को शूटआउट तक पहुंचा दिया। शूटआउट में भारत के लिए शारदानंद तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर तीन गोल किए, जबकि अंकित पाल ने भी एक गोल जोड़ा। बेल्जियम की ओर से हुजो लाबुशेरे, जी हाआक्स और चार्ल्स एल ने गोल किए। मैच के शुरुआती चरण में भारत ने छठे मिनट में गोल का सुनहरा मौका गंवा दिया, जब मनमीत का शॉट बेल्जियम गोलकीपर ने रोक दिया। 13वें मिनट में बेल्जियम के कोर्नेज ने तेजतर्रार फील्ड गोल कर भारतीय डिफेंस को चौंका दिया। पहले क्वार्टर के अंत तक मेहमान टीम 1-0 से आगे रही। भारतीय टीम ने 45वें मिनट में कप्तान रोहित के पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल से बराबरी हासिल की, जिससे पूरा स्टेडियम उत्साह से गूंज उठा। चौथे क्वार्टर में खेल और तेज हुआ। 48वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर शारदानंद ने दमदार हिट लगाकर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। हालांकि, आखिरी मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिलने पर भारतीय डिफेंस ने दृढ़ता दिखाई, लेकिन अंततः बेल्जियम ने बराबरी कर शूटआउट का रास्ता बनाया। भुवनेश्वर में हुए पिछले संस्करण की तरह इस बार भी निर्णायक क्षणों में शारदानंद की भूमिका अहम रही। गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह के शानदार प्रदर्शन और टीम के संयमित खेल की बदौलत भारत ने एक बार फिर अंतिम चार में प्रवेश कर अपनी खिताबी उम्मीदों को जीवित रखा।

# रोहित-कोहली से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

### निर्णायक मैच में जायसवाल और गेंदबाजों पर होगी निगाह



**विशाखापत्तनम :** भारत विराट कोहली और रोहित शर्मा से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगा। भारत के कुछ युवा खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में उन पर दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद अब वनडे श्रृंखला जीतने में भी कसर नहीं छोड़ेगा और ऐसे में भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है। भारत अगर इस मैच में जीत हासिल करता है तो पिछले कुछ समय से टीम को लेकर चल रही अटकलें पर भी विराम लग जाएगा। इसके लिए कोहली और रोहित को फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन दोनों का वनडे क्रिकेट में कोई सानी नहीं है और उन्हें इस तरह के दबाव वाले मैच में खेलने का अच्छा अनुभव है।

# जूनियर महिला हॉकी विश्व कप: भारत ने आयरलैंड को 4-0 से हराया



**सैंटियागो (चिली) :** एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के पूल-सी के अपने अंतिम मुकाबले में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को 4-0 से पराजित किया। मैच में पूर्णिमा यादव ने दो गोल दागे, जबकि कनिका सिवाच और साक्षी राणा ने एक-एक गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और पहले ही 12 सेकेंड में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, हालांकि उसे गोल में तब्दील नहीं किया जा सका। 12वें मिनट में साक्षी राणा ने सर्कल के भीतर कनिका को सटीक पास दिया, जिस पर कनिका ने गोलकीपर को धोखा देकर पहला गोल दागा।

## वर्ग पहेली नं. 3283

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | 4 | | | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| 7 | 8 | | ■ | | ■ | 9 | | 10 | |
| 11 | | ■ | 12 | | 13 | | ■ | | ■ |
| ■ | 14 | 15 | | ■ | | ■ | 16 | | ■ |
| 17 | ■ | 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | 22 | | ■ | 23 | 24 | |
| | ■ | ■ | 25 | | | 26 | ■ | | ■ |
| 27 | | | | ■ | ■ | 28 | | | |

***बायें से दायें:-*** 1) हड़कंप, 3) ईर्ष्यालु, 6) फैलाव 7) खटकना, 9) पैदाइशी, 11) तुरंत, 12) नये सिरे से सशक्त होना, 14) नाम का, 16) ज़्यादती; बहुत, 18) दुलार, 19) एक संख्या, 21) पाजेब, 22) अंतर्धान, 23) एक जलचर, 25) अपकीर्ति, 27) भीड़, 28) तड़क फड़क.

***ऊपर से नीचे:-*** 1) ठूँसा हुआ, 2) ढालना *(आँसू)*; तैराना, 3) एक धातु, 4) डरना, 5) पचीसवाँ; चाँदी, 6) क़ानून, 8) दुबलाना, 10) सचेत अवस्था, 12) गिरफ़्त, 13) जानना, 15) रंज; शोक, 16) भारत का एक राज्य, 17) विकलांग, 20) तड़का, 22) घेड़े का मल, 24) एक गुजराथी नृत्यप्रकार, 25) उम्र में अधिक, 26) मधुर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | ■ | प्र | थ | म | ■ | म | नो | ह | र |
| ता | ■ | णा | ■ | क़ | या | स | ■ | त | ■ |
| व | ह | म | ■ | ब | ■ | ख़ा | रा | ब | ■ |
| ला | ल | ■ | ह | रा | भ | रा | ■ | ल | ती |
| ■ | वा | म | न | ■ | झ | ■ | स | ■ | त |
| क | ई | ■ | न | ■ | स | दा | ब | हा | र |
| ति | ■ | सं | ■ | श | ■ | ल | ■ | ज | ■ |
| प | रो | प | का | र | ■ | ची | ■ | मा | रे |
| य | ■ | त्ति | ■ | म | नो | नी | त | ■ | ला |

## सुडोकू-पहेली-3241

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 4 | | | |
| 8 | 3 | | | | | | 7 | |
| | 6 | 9 | 5 | | | | | 8 |
| 6 | | | | | | 1 | | 7 |
| | 9 | | | | | | | 3 |
| | | 4 | | | | | 6 | |
| 5 | | | | | | 7 | | |
| | | | 6 | 1 | 7 | 2 | | |
| | 4 | 6 | 8 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3240 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 8 | 7 | 5 | 1 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 7 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 |

# बांग्लादेश भेजी गयी बीरभूम निवासी सुनाली और बेटे को पांच महीने बाद भारत वापस लाया गया

**मालदह, समाज्ञा**



राज्य के बीरभूम की निवासी सुनाली खातून (26) और उनके बेटे साबिर को कथित 'घुसपैठियों' के रूप में बांग्लादेश की जेल में 103 दिन बिताने के बाद शुक्रवार की शाम उत्तर बंगाल में मालदह सीमा के रास्ते भारत लाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बता दें कि उच्चतम न्यायालय द्वारा केंद्र को निर्देश दिये जाने के बाद सुनाली और उनके बेटे की घर वापसी हुई। हालांकि, इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि चार अन्य निर्वासित लोगों को कब वापस लाया जाएगा। ये लोग अब भी बांग्लादेश में रह रहे हैं और इन्हें लाने का आदेश भी शीर्ष अदालत ने दिया है। एक अधिकारी ने बताया कि गर्भावस्था के अंतिम चरण में पहुंच चुकी सुनाली को शाम करीब 7 बजे उप-उच्चायुक्त स्तर के एक अधिकारी को सौंप दिया गया, जहां से दोनों को पहले औपचारिकताओं के लिए मेहदीपुर स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) शिविर ले जाया गया और बाद में मेडिकल जांच के लिए मालदह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि अगर चिकित्सक उसे यात्रा के लिए फिट घोषित करते हैं, तो उसे शनिवार को बीरभूम जिले के मुरारई में पैकर गांव के दोरजी पारा इलाके में उसके घर पहुंचा दिया जाएगा।

## दो महीने के बच्चे को पटक-पटक कर मारने के आरोपी पिता को उम्रकैद



**पुरुलिया :** दो महीने के बच्चे को पटक-पटक कर मारने के आरोपी पिता को पुरुलिया जिला कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज अंबरीश घोष, थर्ड कोर्ट जज ने दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने गुरुवार को यह सजा सुनाई। दोषी का नाम सागर रुहिदास है। वह पुरुलिया के टामना थाना अंततर्गत दुरकू गांव का निवासी है। बताया गया है कि सागर रुहिदास ने 2020 में नेहारी रुहिदास से शादी की थी। जून 2022 में, उसकी पत्नी नेहारी ने एक बेटे को जन्म दिया। हालांकि, लगातार अनबन के कारण उनके रिश्ते में दरार आ गई थी। सागर की पत्नी अपने पिता के घर जाना चाहती थी। 4 अगस्त, 2022 को, उसके पिता के घर वाले नेहारी को ले जाने आए। लेकिन, सागर ने अपनी पत्नी को जाने से मना कर दिया। इससे उनके बीच फिर से झगड़ा हुआ। उस समय, सागर ने अपने बेटे को अपनी पत्नी की गोद से छीन लिया, उसे घुमाया और फर्श पर फेंक दिया। जब बच्चे को अस्प-ताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति के हाथों अपने नवजात बच्चे की बुरी हालत देखकर नेहारी बेहोश हो गई। अगले दिन, 5 अगस्त को नेहारी ने अपने पति रूहीदास के खिलाफ टामना थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। इस केस की जांच टामना थाने में काम कर रहे उस समय के सब-इंस्पेक्टर हेमंत साहा ने की। उन्होंने उसी रात सागर को गिरफ्तार कर लिया। एक महीने की जांच के बाद, जांच करने वाले पुलिस अधिकारी ने कोर्ट में चार्जशीट पेश की। कस्टडी ट्रायल शुरू हुआ और सागर को सुधार गृह में रखा गया। आखिरकार, साढ़े तीन महीने बाद, बुधवार को जज ने सबूतों के आधार पर आरोपी को हत्या का दोषी ठहराया। गुरुवार को जज ने उम्रकैद का आदेश दिया।

### नरेंद्रपुर में नहर से पांच दिनों से लापता युवक का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के नरेंद्रपुर थाना अंतर्गत दासपाड़ा में एक नहर से पांच दिनों से लापता एक युवक को शव बरामद किया गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान संजीत पोरेल (30) के रूप में हुई है। परिवार का दावा है कि युवक की हत्या की गई है। परिवार के सूत्रों के मुताबिक, मृत युवक सोमवार को एक कॉल आने के बाद घर से निकला था और तब से लापता हो गया था। बताया गया है कि इस बीच, जब परिवार वालों ने उसे फोन किया तो उसका फोन बंद था। इसके बाद, इस बारे में नरेंद्रपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शुक्रवार की सुबह युवक का शव उसके घर के पास नहर से बरामद हुआ। पता चला है कि शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## मालदह रेल मंडल ने नवंबर महीने में कबाड़ बिक्री से 2.56 करोड़ रुपये की कमाई की

**मालदह :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने जीरो-स्क्रैप मिशन के तहत संपत्ति प्रबंधन और राजस्व अर्जन में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मालदह मंडल ने संसाधनों के कुशल उपयोग और योजनाबद्ध रणनीति के माध्यम से अपने प्रदर्शन को लगातार मजबूत किया है। नवंबर 2025 के दौरान वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक मोसेस नाग की देखरेख में मंडल ने लगभग 300.94 मीट्रिक टन कबाड़ सामग्री का निस्तारण किया। इन सामग्रियों में पीएससी स्लीपर, वैगन पार्ट्स, रेल लाइनें और अन्य उपयोगहीन सामग्री शामिल थीं। इनका निपटान कई ई-नीलामियों के माध्यम से किया गया, जिससे कुल 2.56 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। कबाड़ रेल सामग्री इस राजस्व में सबसे प्रमुख योगदानकर्ता रही, जो मंडल की प्रभावी समन्वय व्यवस्था, निरंतर मॉनिटरिंग और परिचालन दक्षता का स्पष्ट संकेत है। यह उपलब्धि मालदह मंडल की जिम्मेदार और सतत परिसंपत्ति प्रबंधन की नीति को मजबूत रूप से प्रदर्शित करती है। अनुपयोगी सामग्रियों को आर्थिक संसाधन में बदलकर मंडल ने पूर्व रेलवे की वित्तीय मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मालदह रेल मंडल ने कहा है कि वह आगे भी इसी गति को बनाए रखते हुए जीरो-स्क्रैप मिशन को और मजबूत करेगा तथा परिसंपत्ति निपटान प्रक्रियाओं को और अधिक सुव्यवस्थित करने की दिशा में कार्य करेगा।

## मंत्री अरूप बिस्वास ने कुल्टी में एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की




**आसनसोल :** राज्य के बिजली मंत्री अरूप बिस्वास ने शुक्रवार को कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की। कुल्टी के नियामतपुर में एक हॉल में उन्होंने ब्लॉक और विधानसभा स्तरीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर को लेकर बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक के बाद, अरूप बिस्वास ने 2026 के विधानसभा चुनाव में कुल्टी को रिकॉर्ड मतों से फिर से जीतने का पूरा विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि इस बार कुल्टी विधानसभा तृणमूल कांग्रेस रिकॉर्ड वोटों से जीतेगी। इसी लक्ष्य के साथ आज नेताओं-कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं और आज से सभी इस दिशा में सभी जुट जाएंगे। बैठक में उनके साथ मंत्री प्रदीप मजुमदार, पश्चिम बर्दवान जिला तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र नाथ चक्रवर्ती, राज्य सचिव वी. शिवदासन उर्फ दासू, आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चट्टोपाध्याय और पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक उज्ज्वल चट्टोपाध्याय सहित ब्लॉक स्तर के नेता मौजूद थे। तृणमूल नेताओं से बातचीत और एसआईआर कार्य की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अरूप बिस्वास ने कहा कि यह काम पश्चिम बर्दवान जिले सहित पूरे राज्य में चल रहा है। मैं पार्टी की ओर से इसकी समीक्षा करने मैं इस जिले में आया हूं।

## नौकरी घोटाले में 'कालीघाट के काकू' को बड़ी राहत

### सीबीआई केस में भी मिली जमानत



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले के प्रमुख आर-ोपी सुजय कृष्ण भद्र उर्फ 'कालीघाट के काकू' को कोलकाता हाईकोर्ट ने गुरुवार को सीबीआई के मामले में भी जमानत दे दी। जस्टिस शुभ्रा घोष की एकल पीठ ने उन्हें जमानत देते हुए कई सख्त शर्तें लगाईं। अब ईडी और सीबीआई दोनों ही मामलों में वह जमानत पर हैं।

बीमारी के चलते पिछले कई महीनों से अंतरिम जमानत पर बाहर चल रहे सुजय कृष्ण भद्र को अब कोलकाता से बाहर जाने की इजाजत नहीं होगी, उन्हें हर सुनवाई में खुद हाजिर होना पड़ेगा, कोई दस्तावेज नहीं छेड़ सकते, मोबाइल नंबर अचानक नहीं बदल सकते, हर हफ्ते जांच अधिकारी से मिलना होगा और अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करना होगा।

इस घोटाले में सुजय कृष्ण भद्र पर आरोप है कि वे तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के करीबी के तौर पर काम करते हुए अवैध नियुक्तियों में मध्यस्थ की भूमिका निभाते थे। जमानत मिलने के बावजूद जांच एजेंसियों की नजर उन पर बनी रहेगी।

## सीपीआईएम का हावड़ा कॉरपोरेशन अभियान




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावडा नगर निगम में हो रहे भ्रष्टाचार, रंगदारी, प्रमोटर राज के खिलाफ एवं हावड़ा नगर निगम का चुनाव जल्द से जल्द कराने एवं बेहतर नागरिक परिसेवा देने की मांग पर शुक्रवार को सीप-ीआईएम हावड़ा जिला कमेटी के तरफ से हावड़ा कॉरपोरेशन अभियान किया गया। इस मौके पर सीपीआईएम हावड़ा जिला कमेटी सचिव दिलीप घोष, जयंत चटर्जी, परेश पाल, हावड़ा जिला कमेटी सदस्य शैलेन्द्र कुमार राय, दूलू दास, सुमित्र अधिकारी सहित आमलोग उपस्थित थे। इस अभियान को सामने रखकर सीपीआईएम दक्षिण पूर्व हावड़ा एरिया कमेटी एवं बी गार्डेन एरिया कमेटी के तरफ से एक विशाल जूलूस शिवपुर ट्रामडिपों से आयोजित किया गया। सीपीआईएम हावड़ा जिला कमेटी सदस्य शैलेन्द्र कुमार राय एवं सोमेन मुखर्जी के नेतृत्व में यह जूलूस शिवपुर ट्रामडिपों से शुरू होकर आलोका मोड, शिवपुर थाना, पीएमबस्ती, फजीर बाजार, संध्या बाजार, हावडा मैदान होते हुए हावडा कॉरपोरेशन के सामने पहुंचा। जूलूस पुलिस बैरिकेड को तोड़ने की कोशिश किये जिसके चलते लगभग आधा घंटा तक पुलिस एवं समर्थको के साथ धक्का धुक्की हुई। एक प्रतिनिधिमंडल दल के द्वारा निगम के कमिश्नर को डेपुटेशन दिया गया।

## सियालदह डिवीजन में मेंटेनेंस कार्य, कई ट्रेन सेवाएं प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने सियालदह डिवीजन में मेंटेनेंस कार्य के कारण ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव की घोषणा की है। यह मेंटेनेंस कार्य 08 दिसंबर की रात 23:45 बजे से 09 दिसंबर की सुबह 03:30 बजे तक, कुल 225 मिनट के लिए किया जाएगा, जिसके दौरान सियालदह और विधाननगर रोड स्टेशन के बीच लाइन नंबर 05 पर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक रहेगा। इस कारण 08 दिसंबर को 31447 सियालदह-नैहाटी लोकल और 31450 नैहाटी-सियालदह लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। साथ ही, 31542 शांतिपुर-सियालदह लोकल को 08 दिसंबर को बैरकपुर पर और 33858 बनगांव-सियालदह लोकल को दमदम कैंटोनमेंट पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा, जबकि 31511 सियालदह-शांतिपुर लोकल 09 दिसंबर को बैरकपुर से और 33815 सियालदह-बनगांव लोकल दमदम कैंटोनमेंट से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। इसके अलावा, 53171 सियालदह-लालगोला पैसेंजर ट्रेन का समय भी बदल दिया गया है, जो 09 दिसंबर को निर्धारित समय 03:45 बजे के बजाय 04:15 बजे प्रस्थान करेगी। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पहले अद्यतन समय सारिणी अवश्य जाँच लें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## बशीरहाट में ससुर को पीटकर हत्या करने के आरोप में दामाद गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट में ससुर को पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में एक कलयुगी दामाद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम दीपू हलदर है। जबकि, मृतक की पहचान निर्मल मिस्त्री (62) के रूप में की गई है। वह बशीरहाट में स्वरूपनगर थाना अंतर्गत गोविंदपुर ग्राम पंचायत के तरणीपुर का निवासी था। बताया गया है कि निर्मल की बेटी की शादी कुछ दिन पहले बादुरिया के अरशुल्ला गांव के निवासी दीपू हलदर से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अलग-अलग बातों पर झगड़े होते रहते थे। बताया जा रहा है कि युवती कुछ दिन पहले ही अपने ससुराल से अपने पिता के घर चली आई थी। वहां, युवती का अपने पिता निर्मल मिस्त्री से भी झगड़ा हो गया था। पिता ने बेटी के बुरे बर्ताव के लिए उसे पीटा। दामाद दीपू हालदार को यह बात पता चली। गत 20 नवंबर को वह अपने ससुराल गया और अपने ससुर से बहस करने लगा। आरोप है कि दामाद और उसके ससुर के बीच तीखी बहस हुई। तभी, दामाद ने अपने ससुर को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को बनगांव उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां बुजुर्ग का इलाज चल रहा था। गत 23 नवंबर को बुजुर्ग की मौत हो गई। 24 नवंबर को मृतक के परिवार की तरफ से स्वरूपनगर थाने में दामाद के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से वह आदमी फरार था। गुरुवार की रात आरोपी दीपू हालदार को हावड़ा के उलुबेरिया से गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को गिरफ्तार व्यक्ति को बशीरहाट उपजिला कोर्ट में पेश किया गया।

### इंडिया मारुति सुजुकी के साथ इलेक्ट्रिक हो रहा है : एक भारत, एक ईवी प्लेटफॉर्म

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउचि, सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग एंड सेल्स) पार्थो बनर्जी तथा सीपीओ के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कंपनी का लक्ष्य देशभर में एकीकृत डिजिटल चार्जिंग सिस्टम बनाना है, जिससे उपभोक्ताओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर चार्जिंग लोकेशन, उपलब्धता और भुगतान की सुविधा मिलेगी। मारुति सुजुकी पहले ही 2,000 से अधिक चार्जिंग केंद्र स्थापित कर चुकी है और अगले पांच वर्षों में इसे तेजी से बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। मारुति सुजुकी का मानना है कि यह साझेदारी भारत में ईवी स्वीकृति और चार्जिंग पहुंच को नई दिशा देगी।

## आनंदपुर में प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग, 10 दमकल गाड़ियां पहुंची



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के आनन्दपुर के गुलशन कॉलोनी में शुक्रवार की सुबह एक प्लास्टिक गोदाम में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सुबह लगभग 10 बजे एक फ्लैट के नीचे बने रंग और प्लास्टिक के गोदाम से धुआं उठता देखा गया। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और कुछ ही मिनटों में पूरा गोदाम घने काले धुएं से भर गया। गोदाम में ज्वलनशील सामग्री होने की वजह से आग तेजी से फैल गई जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल को दी। शुरुआत में, दमकल की दो इंजिन पहुंचीं लेकिन हालात की गंभीरता को देखते हुए इंजिनों की संख्या बढ़ाकर 10 कर दी गई है। दमकल कर्मी लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन आग पर अभी पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। घटना को लेकर आसपास के लोग दहशत में हैं, हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। आग किस वजह से लगी इसका कारण अब तक स्पष्ट नहीं है। दमकल की टीम आग को नियंत्रित करने में जुटी हुई है और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## बाबूघाट पर नहाते समय चोरी हुए 1.40 लाख में से 1.10 लाख बरामद, पांच शातिर चोर गिरफ्तार



**कोलकाता :** बाबूघाट पर गंगा स्नान करते समय एक व्यक्ति का बैग चोरी करने वाले पांच अंतरराज्यीय चोरों को कोलकाता पुलिस की वॉच सेक्शन (डिटेक्टिव डिपार्टमेंट) ने धर दबोचा। पुलिस ने चोरी के 1.40 लाख रुपये में से 1.10 लाख रुपये नकद बरामद कर लिए हैं।

पुलिस के अनुसार, 13 नवंबर 2025 को सुबह करीब 6:10 बजे उत्तर प्रदेश के जालौन निवासी एक शख्स बाबूघाट पर गंगा स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय उन्होंने अपना बैग घाट की सीढ़ियों पर रख दिया था, जिसमें 1.40 लाख रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और कुछ कपड़े थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने बैग लेकर फरार हो गए। इस संबंध में नॉर्थ पोर्ट थाने में धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया।

गुप्त सूचना के आधार पर वॉच सेक्शन की टीम ने 27 नवंबर को हावड़ा जिले के उलुबेड़िया थाना क्षेत्र से पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इस प्रकार है:

रोहित राय (20), रामलाल राय (45), नारायण राय (33), बबलू राय (21) और बोकेरा माली (50)। सभी आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जालौन और मेरठ जिले के रहने वाले हैं।

पूछताछ में अभियुक्त नारायण राय ने बताया कि चोरी का पैसा उसके पास है। उसके निशानदेही पर पुलिस ने 1,10,000 रुपये बरामद कर विधिवत जप्त कर लिया। बाकी रकम और मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए छापेमारी जारी है।

सभी पांचों अभियुक्तों को 8 दिसंबर 2025 को कोर्ट में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

पुलिस का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से कोलकाता के घाटों और रेलवे स्टेशनों पर स्नान करते या सोते यात्रियों को निशाना बनाकर चोरियां कर रहा था।

## आरबीआई की नई मौद्रिक नीति पर बोले सिद्धार्थ सन्याल - लोन हो सकते हैं सस्ते



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित मौद्रिक नीति पर प्रतिक्रिया देते हुए बंधन बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री और रिसर्च हेड सिद्धार्थ सन्याल ने कहा कि इस नीति की सबसे बड़ी घोषणा वित्तीय प्रणाली में बड़ी मात्रा में लिक्विडिटी उपलब्ध कराना है। इसके तहत आरबीआई ने 1 लाख करोड़ रुपये मूल्य के बांड खरीदने और 5 अरब डॉलर के तीन वर्ष की अवधि वाले डॉलर-रुपया 'बाय-सेल' स्वैप की घो-षणा की है। इसके परिणामस्वरूप दिसंबर माह के दौरान लगभग 1.45 लाख करोड़ रुपये की टिकाऊ लिक्विडिटी सिस्टम में जुड़ जाएगी। सन्याल का कहना है कि यह कदम बॉन्ड यील्ड में कमी लाएगा और आने वाले महीनों में बैंकिंग प्रणाली में ब्याज दरों में नरमी देखने को मिल सकती है, जिससे होम लोन, कार लोन और व्यवसायिक ऋण सस्ते होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि महंगाई अगले 12 महीनों में लगभग 3 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है, जबकि वर्तमान ब्याज दरें इससे काफी अधिक हैं। ऐसे में यह अंदेशा है कि आरबीआई आगे भी ब्याज दरों में कटौती के कदम जारी रख सकता है और मौजूदा रेट कट साइकिल अभी समाप्त नहीं हुआ है।

## कोलकाता में कल पांच लाख लोग एक साथ करेंगे सामूहिक गीता पाठ, तैयारियां पूरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में कल होने वाले ऐतिहासिक सामूहिक गीता पाठ के लिए तैयार है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आगामी रविवार को होने वाले वृहद आयोजन में पांच लाख लोग सामूहिक रूप से गीता का पाठ करेंगे। कार्यक्रम से पहले शुक्रवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजकों की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजित किया गया। इसमें गीता पाठ कार्यक्रम के अध्यक्ष और सनातन संस्कृति संसद के सभापति स्वामी प्रदीप्तानंद उर्फ कार्तिक महाराज ने उम्मीद जताई कि इस कार्यक्रम में पांच लाख से अधिक लोग आएंगे। मीडिया को संबोधित करते हुए स्वामी निर्गुणानंद महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित देश भर के प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों के अनुसार, यह भारत में गीता पाठ का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है। असम, त्रिपुरा, दिल्ली, बिहार और ओडिशा सहित कई राज्यों से लोगों के आने की उम्मीद है। नेपाल और बांग्लादेश से भी संत और गीता प्रेमियों को आमंत्रण भेजा गया है। कार्तिक महाराज ने बताया कि इस कार्यक्रम का किसी भी प्रकार की राजनीति से कोई संबंध नहीं है। उद्देश्य केवल आम लोगों तक सनातन की मूल भावना और गीता के संदेश को पहुंचाना है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किसी प्रकार का पंजीकरण आवश्यक नहीं है। हर इच्छुक व्यक्ति आ सकता है। कुल 25 गेट बनाए जा रहे हैं और पूरा परिसर अर्ध चंद्राकार संरचना में तैयार किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों को गीता की प्रति नि:शुल्क दी जाएगी। पार्थ सारथी, चैतन्य और शंकराचार्य तीन मंच बनाए गए हैं जिन पर क्रमशः प्रथम, नवम और 18वें अध्याय का पाठ होगा। सुबह 8 बजे वैदिक पाठ का संचालन रविंद्रनाथ भट्टाचार्य करेंगे जो कलकत्ता विश्वविद्यालय के डीन रहे हैं। 9.30 बजे से प्रवचन शुरू होंगे और 11.30 बजे तक जारी रहेंगे। शंख ध्वनि और उलू ध्वनि के साथ पूरे परिसर का माहौल आध्यात्मिक बनाया जाएगा। 12.30 बजे तक सामूहिक गीता पाठ पूरा होगा और अंत में गीता पाठ के उद्देश्य का संकल्प पाठ कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द महाराज करेंगे। मुख्य अतिथि पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा होंगी। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, जितेन्द्रानन्द और गोरखपुर के गीताप्रेमी संत भी मंच पर उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों तथा विशेष रूप से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी आमंत्रित किया है।

सनातन संस्कृति संसद समिति के कोऑर्डिनेटर **कमल सिंह** ने बताया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता और आध्यात्मिक चेतना लाना है। आज के समय में कई युवा जीवन की दिशा को लेकर भ्रमित हैं। गीता और सनातन धर्म के आदर्श उनके लिए मार्गदर्शक बन सकते हैं। हमारा प्रयास है कि सनातन हिंदू धर्म का संदेश अधिकतम लोगों तक पहुंचे। हम सभी हिंदू एकजुट हों-यही हमारी मुख्य भावना और प्रयास है।

## पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने रेल इंडिया फोरम में रखे विचार




**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित तीसरे रेल इंडिया फोरम में शुक्रवार को पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने संबोधन किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नीति निर्माताओं, उद्योग विश-ेषज्ञों और विभिन्न सेक्टरों के प्रतिनिधियों ने भारत में टिकाऊ रेलवे विकास के भविष्य पर विचार-विमर्श किया। अपने संबोधन में श्री देउस्कर ने पूर्व रेलवे द्वारा सतत और हरित परिवहन प्रणाली को आगे बढ़ाने के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नेट जीरो 2030 रोडमैप पर बात करते हुए कहा कि भारतीय रेलवे पर्यावरण के अनुकूल रेलवे संचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने के लिए समन्वित नीतियों, दूरदर्शी नियमों और रणनीतिक योजना की आवश्यकता है।

महाप्रबंधक ने रेलवे विद्युतीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और ग्रीन फ्रेट कॉरिडोर पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा, बढ़ते रेल विद्युतीकरण और बेहतर लॉजिस्टिक्स प्रबंधन से रेल पारिस्थितिकी तंत्र में कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी। श्री देउस्कर ने रेलवे स्टेशनों को पर्यावरण-अनुकूल बनाने, आधुनिक तकनीक, ऊर्जा दक्षता समाधान और नवाचार आधारित वित्तीय मॉडल को रेलवे के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व रेलवे ऊर्जा-संचित डिज़ाइन, स्मार्ट सिस्टम और टिकाऊ इंजीनियरिंग मॉडल को अपनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ सतीश कुमार ने भी वीडियो संदेश भेजकर इस विषय पर हो रही पहल की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों और उद्योग जगत ने एकमत होकर कहा कि भारत के रेल नेटवर्क को भविष्य के लिए अधिक हरित, दक्ष और आधुनिक बनाने के लिए ऐसा संवाद अत्यंत आवश्यक है।

# मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास में कोई हस्तक्षेप नहीं : अदालत

## विधायक के फैसले का किया स्वागत



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा प्रस्तावित एक मस्जिद के निर्माण में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की खंडपीठ ने प्रस्तावित मस्जिद के शिलान्यास समारोह पर रोक लगाने की अपील वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद निर्देश दिया कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पश्चिम बंगाल सरकार की होगी। बता दें कि गत गुरुवार को दायर जनहित याचिका में इस आधार पर आयोजन पर रोक लगाने की अपील की गई थी कि इससे क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ सकता है। याचिकाकर्ता ने प्रार्थना की कि अदालत कबीर की भड़काऊ टिप्पणियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करे जिन्होंने कथित तौर पर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ा है। याचिका में कहा गया है कि रिट याचिका मुर्शिदाबाद के बेलडांगा ब्लॉक एक में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास को, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोकने से संबंधित है विधायक एक समुदाय के खिलाफ अशोभनीय और अपमानजनक बातें और अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे सार्वजनिक शांति भंग होती है। आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, याचिकाकर्ता के वकील सब्यसाची मुखर्जी ने कहा कि अदालत ने यह सुनिश्चित किया है कि यदि प्रस्तावित आयोजन के दौरान कानून और व्यवस्था नियंत्रण से बाहर हो जाती है तो राज्य को जिम्मेदारी निभानी होगी। मुखर्जी ने कहा कि हमने केवल इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका व्यक्त की है। हम कभी किसी को अपनी आस्था का पालन करने से नहीं रोकना चाहते थे। अब राज्य को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई गड़बड़ी न हो। केंद्र ने भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती की है और उनके बल क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। वकील ने कहा कि कबीर ने अदालत में एक शपथ पत्र भी दाखिल किया है जिसमें कहा गया है कि वह ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे हिंसा भड़के।

आदेश को 'संविधान की जीत' बताते हुए कबीर ने कहा कि इस मामले पर अदालत के फैसले ने साबित कर दिया है कि वह 'सही रास्ते पर' हैं। नेता ने कहा कि अदालत ने सही कहा है कि कानून और व्यवस्था बनाए रखना राज्य का कर्तव्य है। इस क्षेत्र में कई पुलिस थाने हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार के पास पर्याप्त संख्या में पुलिस है कि कानून और व्यवस्था का उल्लंघन न हो। समारोह के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए हमारे पास 2000 स्वयंसेवक भी होंगे।

### समारोह स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे हुमायूं कबीर



**मुर्शिदाबाद :** हुमायूं कबीर को शुक्रवार की सुबह मस्जिद के लिए निर्धारित स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र का दौरा किया और तैयारियों की समीक्षा की। हुमायूं कबीर ने कहा कि मैं कोई गैर-कानूनी काम नहीं कर रहा हूं। जब हाई कोर्ट ने कहा कि मैं कोई गैर-कानूनी काम नहीं कर रहा हूं, तो स्वाभाविक रूप से राज्य प्रशासन मेरी मदद करेगा। मेरे पास दो हजार वॉलंटियर होंगे। मैं प्रशासन की मदद करूंगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेलडांगा में कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। 10 बजे से ही अतिथियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू होगा। दोपहर 12 बजे से शिलान्यास का कार्यक्रम शुरू होने की संभावना है। इस अवसर पर 40 हजार अतिथियों के लिए व्यवस्था की जा रही है और प्रस्तावित स्थान पर शुक्रवार को मंच के निर्माण का काम भी चल रहा है।

### बाबरी मस्जिद के शिलान्यास से पहले मुर्शिदाबाद में सुरक्षा की गयी कड़ी

मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तरह प्रस्तावित मस्जिद के निर्माण के लिए आज होने वाले शिलान्यास समारोह से एक दिन पहले, इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि इस इलाके को उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में रखा गया है, पुलिस, त्वरित कार्य बल (आरएएफ) और सीमा सुरक्षा बल के इकाइयों को तैनात किया गया है।

### बाबरी मस्जिद के शिलान्यास कार्यक्रम से पहले लोक भवन में खुला 'स्पेशल सेल'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को लोगों से अपील की है कि आज भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर के द्वारा बेलडांगा में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर राज्य में किसी भी तरह की अशांति या चिंता की स्थिति पैदा न हो। राज्यपाल के निर्देश पर लोक भवन में एक स्पेशल सेल बनाया गया है, जिसका नाम 'एक्सेस पॉइंट' रखा गया है। यह सेल 24 घंटे चालू रहेगा। यहां, राज्य के किसी भी हिस्से से लोग इस सेल में फोन या ई-मेल के ज़रिए संपर्क कर सकते हैं और किसी भी तरह की अशांति, धमकी, तनाव फैलाने की कोशिश या भड़काऊ बयानों की शिकायत कर सकते हैं। राज्यपाल खुद नियमित तौर पर स्थिति पर नजर रखेंगे। एक्सेस पॉइंट सेल की कॉन्टैक्ट डिटेल्स, फोन: 033-22001641 ईमेल: osd2w.b.gover-norgmail.com, generalcellgsgmail.com और specialcellgsgmail.com है। राज्यपाल के कार्यालय ने बताया कि अवकाशप्राप्त आईएएस अधिकारी डॉ. एस के पटनायक को एक्सेस प्वाइंट सेल का प्रमुख बनाया गया है। राज्यपाल ने पूरे राज्य में शांति और भाईचारा बनाए रखने के लिए सतर्क और संयमित रहने की अपील की है। राज्यपाल ने शांति बनाए रखने और भड़काऊ बयानों या अफवाहों पर विश्वास न करने का संदेश दिया है। उन्होंने पहले ही राज्य सरकार से इस संबंध में सभी जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया है।

## भांगड़ में पति ने पत्नी का गला दबाकर नहर में फेंका, शव बरामद, आरोपी गिरफ्तार

❑ **विवाहेत्तर संबंधों के कारण घटना को दिया अंजाम**

**कोलकाता :** भांगड़ थाना क्षेत्र के कालीकापुर नसकरपाड़ा में गुरुवार रात एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया। स्थानीय लोगों ने बसंती नहर की छोटी खाल में एक महिला का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से घिरे देबाशीष नसकर (29) को हिरासत में लिया। पूछताछ में देबाशीष ने कबूल किया कि उसने अपनी पत्नी मौमिता हालदार उर्फ नसकर की हत्या कर शव नहर में फेंक दिया था।

पुलिस के अनुसार, देबाशीष ने गुरुवार शाम करीब छह बजे अपनी पत्नी को घर से बाहर निकाला और नहर किनारे ले जाकर पहले गला दबाया, फिर मुंह दबाकर और गला घोंटकर उसे पानी में धकेल दिया। मौमिता के अवैध संबंधों से नाराज देबाशीष पहले भी कई बार उससे झगड़ा कर चुका था। गुरुवार दोपहर में मौमिता फिर घर से निकल गई थी, जिसके बाद देबाशीष उसका पीछा करते हुए सड़क पर मिला और दोनों में तीखी बहस हुई। गुस्से में उसने मौमिता को नहर तक खींचकर ले गया और हत्या कर दी।

रात करीब सवा नौ बजे सूचना मिलते ही भंगड़ पुलिस मौके पर पहुंची। देबाशीष के बयान पर डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप और लालबाजार की वैज्ञानिक टीम की मदद से घने कचुरीपाना से भरी नहर से मौमिता का शव बरामद किया गया। शव के पास से एक काले रंग का बैग और गुलाबी चप्पल मिले। बैग में मृतका का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, एक कुर्ती, बच्चे का कंबल और पुरानी साड़ी बरामद हुई। सभी सामान विधिवत जब्त कर लिए गए।

शव को नलमुड़ी ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि मौमिता की गर्दन पर लगातार निशान, चेहरे व गर्दन पर कई चोटें और मुंह दबाने के स्पष्ट निशान थे। फेफड़ों व श्वास नली में कीचड़ व रेत मिली। मौत की वजह डूबने के साथ-साथ गला घोंटना और मुंह दबाना बताया गया है, जो जीवित अवस्था में किया गया हत्या का काम था।

मृतका के पिता की शिकायत पर भंगड़ थाने में शुक्रवार तड़के भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) व 238 के तहत मामला दर्ज किया गया। देबाशीष नसकर को शुक्रवार सुबह पांच बजे गिरफ्तार कर लिया गया। उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

### अमेजन बाजार ने एक वर्ष पूरा किया, ट्रांजैक्टिंग ग्राहकों में 8 गुना वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ने आज घोषणा की है कि उसके अल्ट्रा-अफोर्डेबिलिटी स्टोर अमेजन बाजार ने लॉन्च के एक साल के भीतर ट्रांजैक्टिंग ग्राहकों में आठ गुना वृद्धि हासिल कर ली है, जिसका प्रमुख कारण टियर 2 और टियर 3 शहरों में बढ़ती अपनाने की दर है। अमेजन बाजार फैशन, जूलरी, होम डेकोर, किचनवेयर और इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज़ जैसी कैटेगरी में 600 रुपये से कम कीमत वाले उत्पादों का बड़ा चयन प्रदान करता है। 2 करोड़ से अधिक उत्पाद पहले से ही लाइव हैं, और बाजार लगातार ग्राहकों की विविध जरूरतों और पसंद को पूरा करने के लिए नए प्रोडक्ट जोड़ रहा है, जिससे भारत के सभी ग्राहकों को ट्रेंडी और बजट-फ्रेंडली उत्पादों तक आसान पहुंच मिल सके।

## एसआईआर फॉर्म की फोटोकॉपी करवाने के लिए लाइन में खड़े वृद्ध की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बारुईपुर के मल्लिकपुर में एसआईआर फार्म भरने के बाद उसकी फोटोकॉपी करवाने के लिए लंबी लाइन में खड़े-खड़े ही एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान प्रदीप कुमार दास के रूप में की गई है। बारुईपुर के मल्लिकपुर इलाके का निवासी था।

बता दें कि राज्यभर में एसआईआर प्रक्रिय चल रही है। हर कोई एसआईआर फॉर्म भरकर जमा कर रहा है। ज़ाहिर है, प्रदीप ने भी फॉर्म भरा था। लेकिन, उसने सोचा कि जमा करने से पहले उसकी फोटोकॉपी करवाकर अपने पास रख ले। इसी तरह, प्रदीप शुक्रवार की सुबह इलाके की एक फोटोकॉपी की दुकान पर गया। लंबी लाइन की वजह से उसे काफी देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा। उसी समय, वह अचानक सड़क पर गिर पड़ा। बेहोश होने पर, उसे पानी से होश में लाने की शुरुआती कोशिश की गई। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

इस बीच, खबर मिलने पर बारुईपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उसे अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, शुरू में ऐसा माना जा रहा है कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। हालांकि, मौत का कारण ऑटोप्सी रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा।

## धर्मस्थल को राजनीति का अड्डा ना बनने दें : सिद्दीकुल्लाह चौधरी

❑ **हुमायूं कबीर के बयान पर मंत्री ने किया पलटवार**



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधायक हुमायूं कबीर के बयान पर राज्य के मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने कहा कि राज्य में शांति बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और जनता को सही दिशा दिखाना सरकार का कर्तव्य है। साथ ही, मस्जिद निर्माण को लेकर उठे विवाद पर उन्होंने साफ किया कि धार्मिक स्थल राजनीति का मंच नहीं बनना चाहिए और किसी भी ऐसे कदम का विरोध किया जाएगा जो लोगों के बीच दूरी बढ़ाए। उन्होंने सवाल उठाया कि मस्जिद वाकई अल्लाह के लिए बन रही है या किसी अन्य उद्देश्य के लिए, यह बात आगे चलकर साफ होगी। मंत्री ने आगे कहा कि अगर कहीं अल्लाह के नाम पर मस्जिद बनाई जा रही है, तो वह जगह अल्लाह के लिए ही रहे। मस्जिद राजनीति का मैदान नहीं है और हम ऐसे किसी भी कदम का विरोध करते हैं जो लोगों के बीच दूरी पैदा करे। इसके साथ ही चौधरी ने बताया कि उन्हें मस्जिद से जुड़े विवाद की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन जो बातें सामने आई हैं, उनसे लगा कि कुछ लोग पार्टी से दूरी बनाकर मस्जिद बनाने का फैसला कर रहे हैं क्योंकि पार्टी के सदस्य उनकी बात नहीं मान रहे थे।

## वरिष्ठ मतदाताओं के घर पहुंचे रोल पर्यवेक्षक, वरिष्ठ मतदाता से सीधे किया संवाद



**हुगली :** रोल पर्यवेक्षक ने श्रीरामपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 185, 186, 187, 194 एवं 195 के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में सभी बीडीओ एवं एईआरओ उपस्थित रहे। विधानसभा क्षेत्र 195 एवं 196 के चयनित कुछ बीएलओ भी बैठक में शामिल हुए। समीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक ने बीएलओ, एईआरओ एवं पर्यवेक्षकों के कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हालिया निर्देश स्वच्छ, सटीक एवं गुणवत्तापूर्ण मतदाता सूची के प्रकाशन को पुनः रेखांकित किया। पर्यवेक्षक ने आगामी दावों एवं आपत्तियों की सुनवाई की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने यह निर्देश दिया कि सभी मामलों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए तथा यह पूर्णतः आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हो। समीक्षा बैठक के पश्चात रोल प्रेक्षक ने व्यक्तिगत रूप से 85 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के कुछ वरिष्ठ मतदाताओं के निवास पर जाकर उनसे भेंट की। उनके साथ संबंधित बीएलओ, सुपरवाइज़र, एईआरओ एवं ईआरओ भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रत्येक वरिष्ठ मतदाता से सीधे संवाद किया, उनकी आवश्यकताओं एवं मतदाता सूची संबंधी विषयों को ध्यानपूर्वक सुना और सत्यापित किया। प्रेक्षक ने उपमंडल एवं संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में अब तक किए गए समग्र कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानकों के अनुसार सुपरचेकिंग की प्रक्रिया निरंतर जारी रखी जाए।

## रोजवैली घोटाला: सेबी ने हाथ खींचा, अब एसएफआईओ करेगा फोरेंसिक ऑडिट

❑ **हाईकोर्ट ने दिया तीन महीने का समय**

**कोलकाता :** रोजवैली चिटफंड घोटाले में निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए गठित जस्टिस (रिटायर्ड) दिलीप शेठ कमिटी पर ही भारी वित्तीय अनियमितता के आरोप लगने के बाद कोलकाता हाईकोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार को जस्टिस राजर्षि भरद्वाज और जस्टिस उदय कुमार की डिवीजन बेंच ने साफ निर्देश दिया कि अब समूची जांच और फोरेंसिक ऑडिट का जिम्मा केंद्र सरकार की सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (एसएफआईओ) को सौंपा जाता है। एसएफआईओ को अगले तीन महीने में अपनी रिपोर्ट कोर्ट में जमा करनी होगी।

इससे पहले हाईकोर्ट ने यही जिम्मेदारी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को सौंपी थी, लेकिन सेबी ने अक्टूबर में कोर्ट को स्पष्ट बता दिया था कि उसके पास इतने कुशल कर्मचारियों की कमी है कि वह यह काम नहीं कर सकता। कोर्ट ने टिप्पणी की थी, सेबी नहीं कर पाए तो कोर्ट हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकता। अब एक महीने के अंदर जिम्मेदारी बदल गई है। रोजवैली की चल-अचल संपत्तियों की बिक्री और एसेट डिस्पोजल कमिटी (एडीसी) में कथित वित्तीय गड़बड़ी की गंभीरता से जांचने के लिए कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के अधीन एसएफआईओ अब मैदान में उतर रही है। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी, जिसमें केंद्र के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल को एसएफआईओ को जिम्मेदारी सौंपने की प्रगति और फीडबैक देना होगा। निवेशकों के बीच इस फैसले से थोड़ी राहत की उम्मीद जगी है, क्योंकि रोजवैली घोटाले में फंसा उनका हजारों करोड़ रुपया अब तक वापस नहीं आ सका है।

### उड़ानों की अव्यवस्था मामूली, बंगाल के मनरेगा श्रमिकों की पीड़ा कहीं अधिक : ओ'ब्रायन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से कई सांसदों के प्रभावित होने के बीच राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में योजना निलंबित रहने के कारण मजदूरी से वंचित मनरेगा श्रमिकों की समस्या की तुलना में उड़ानों की अव्यवस्था की पीड़ा बहुत कम हैं। ओ'ब्रायन ने संवाददाताओं से कहा कि सांसद (उड़ान रद्द होने के कारण) इस मुश्किल और पीड़ा को कुछ हद तक झेल लेंगे, लेकिन यह पीड़ा इस सरकार की ओर से मनरेगा के तहत मेहनत करने वाले 59 लाख बंगालियों को मिल रहे दर्द के मुकाबले बेहद कम है, जिन्हें तीन साल से भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की इस योजना के तहत बकाये का भुगतान न होने से सरकार श्रमिकों को 52,000 करोड़ रुपये से वंचित कर रही है।

### अमेजन पर शुरू हुआ 'सीजन ऑफ गिफ्टिंग एंड जॉय', हॉलिडे टॉय लिस्ट में बेस्टसेलर खिलौनों पर खास डील्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने छुट्टियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए 'सीजन ऑफ गिफ्टिंग एंड जॉय' के तहत हॉलिडे टॉय लिस्ट स्टोर लॉन्च किया है, जिसमें 10 लाख से अधिक खिलौनों में से चुनी गई 10,000 विशेष डील्स शामिल हैं। कंपनी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार ग्राहक क्रिएटिव बिल्डिंग सेट्स, बोर्ड गेम्स, डॉल्स, रिमोट-कंट्रोल खिलौनों और एजुकेशनल टॉयज पर 75% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इस स्टोर में लेगो, बार्बी, हॉट व्हील्स, स्किलमैटिक्स, मैटल और फनस्कूल जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के उत्पाद उपलब्ध हैं। अमेजन ने बताया कि प्राइम मेंबर्स को नई लॉन्चिंग और लिमिटेड एडिशन कलेक्टिबल्स पर शुरुआती एक्सेस के साथ सेम-डे या नेक्स्ट-डे डिलीवरी की सुविधा भी मिलेगी।

## हावड़ा-दिल्ली और सियालदह-लोकमान्य तिलक के बीच चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने हावड़ा-नई दिल्ली और सियालदह-लोकमान्य तिलक के बीच विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इसके तहत, 03009 हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 06 दिसंबर को रात 11:00 बजे रवाना होकर तीसरे दिन सुबह 04:30 बजे दिल्ली पहुंचेगी, जबकि इसकी वापसी सेवा 03010, 08 दिसंबर को सुबह 07:30 बजे दिल्ली से चलकर अगले दिन दोपहर 01:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इसके अलावा, 03127 सियालदह-लोकमान्य तिलक स्पेशल 06 दिसंबर को रात 11:10 बजे रवाना होकर तीसरे दिन दोपहर 03:30 बजे गंतव्य पर पहुंचेगी, जबकि 03128 वापसी ट्रेन 09 दिसंबर को सुबह 06:30 बजे चलकर अगले दिन शाम 07:30 बजे सियालदह पहुंचेगी। इसी क्रम में, 04460 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल 06 दिसंबर को शाम 06:15 बजे दिल्ली से रवाना होकर अगले दिन रात 11:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी, जबकि 04459 हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल 08 दिसंबर को रात 01:30 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 08:20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। सभी ट्रेनों का ठहराव वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल सहित संबंधित रूटों के अन्य स्टेशनों पर होगा। इसमें जनरल, स्लीपर और एसी श्रेणी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, जबकि 04460/04459 में केवल एयर-कंडीशंड कोच होंगे।

### 2025 तक कैंसर का देर से निदान बड़ी चुनौती, जागरूकता बढ़ाने की अपील - डॉ. शिबांगी दास




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में कैंसर का उपचार अब आधुनिक तकनीकों और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के साथ अधिक प्रभावी होता जा रहा है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आगामी वर्षों में भी अधिकतर मामलों में रोगियों का निदान देर से होगा। डी.एस. रिसर्च सेंटर, कोलकाता की आयुर्वेदाचार्य डॉ. शिबांगी दास (बीएएमएस, एमडी, पीएफसीपी-एमयूएचएस, डीईएमएस) का कहना है कि कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता चलना उपचार की सफलता को कई गुना बढ़ा सकता है, लेकिन जागरूकता की कमी सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। डॉ. दास के अनुसार, थकान, अस्पष्ट दर्द, वजन घटना, असामान्य रक्तस्राव, निगलने में कठिनाई और लगातार खांसी जैसे लक्षणों को लोग सामान्य कमजोरी या उम्र से जुड़ा समझकर अनदेखा कर देते हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर 24 परगना, हुगली और नदिया जैसे जिलों में अभी भी सामाजिक झिझक और कैंसर की जांच का डर लोगों को अस्पताल आने से रोकता है। साथ ही घरेलू उपचारों पर अत्यधिक निर्भरता निदान में गंभीर देरी का कारण बनती है। उन्होंने सलाह दी कि यदि कोई लक्षण दो से तीन सप्ताह से अधिक बना रहे तो तुरंत चिकित्सा जांच करानी चाहिए। 40 वर्ष से अधिक आयु वालों और जिनके परिवार में कैंसर का इतिहास रहा है, उनके लिए वार्षिक जांच अनिवार्य होनी चाहिए।

### ईमामी ने केश किंग की रीब्रांडिंग के साथ पेश किया 'केश किंग गोल्ड', आयुर्वेद और विज्ञान का संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईमामी लिमिटेड ने अपने प्रमुख आयुर्वेदिक हेयरकेयर ब्रांड केश किंग की नई रणनीतिक पहचान की घोषणा करते हुए 'केश किंग गोल्ड' लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार, यह रीब्रांडिंग केवल पैकेजिंग परिवर्तन नहीं, बल्कि ब्रांड दर्शन का विकास है, जिसमें पारंपरिक आयुर्वेद को आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ जोड़ते हुए नई दिशा अपनाई गई है। नए उत्पाद में ग्रो-बायोटिन, प्लांट ओमेगा 3-6-9 और 21 आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां शामिल हैं, जो बालों के झड़ने को कम करने और वृद्धि को बढ़ाने में क्लिनिकली प्रमाणित हैं। ईमामी लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुश्री प्रीति ए. सुरेका ने कहा कि यह बदलाव ब्रांड को हेयरकेयर के गोल्ड स्टैंडर्ड के रूप में स्थापित करेगा। साथ ही, ब्रांड शिल्पा शेट्टी को अपने चेहरे के रूप में बनाए रखेगा और लॉन्च के समर्थन में 360-डिग्री इंटीग्रेटेड कैंपेन चलाएगा।

## नदिया में बीएसएफ ने करीब 5.50 करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट किए जब्त, एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास 5.47 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के 36 बिस्कुट जब्त किए और एक कथित भारतीय तस्कर को पकड़ा। बीएसएफ के एक बयान में कहा गया है कि बानपुर सीमा चौकी पर दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 32वीं बटालियन के जवानों ने गत गुरुवार को विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान चलाया तथा संदिग्ध तस्करी मार्गों पर पैनी नजर रखी। बयान के अनुसार, अभियान के दौरान जवानों ने एक व्यक्ति को सीमावर्ती सड़क से बानपुर गांव की ओर संदिग्ध रूप से जाते देखा। बुलाने पर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। बीएसएफ ने बताया कि तलाशी के दौरान सोने के 36 बिस्कुट बरामद हुए जिसका कुल वजन 4.23 किलो था। जब्त सोने और कथित तस्कर को जांच के लिए स्थानीय अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

# जनहित योजनाओं को गति देने के लिए उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक, अधूरे कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश



**हुगली, समाज्ञा :** राज्य सरकार की जनहित योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्रीरामपुर महकमा कार्यालय में उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में हुगली जिला कलक्टर खुर्शीद कादरी, श्रीरामपुर के एसडीओ शंभुदीप सरकार, अतिरिक्त जिलाधिकारी, बीडीओ, स्वास्थ्य अधिकारी, सिंचाई एवं लोकस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा नोडल अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधूरे कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के प्रारंभ में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित लेकिन अब तक अधूरी परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा की गई। सामाजिक परियोजनाओं के ठप होने के कारणों की जांच की गई। कलक्टर ने लंबित परियोजनाओं पर गंभीर चिंता जताते हुए संबंधित विभागों को एक से दो सप्ताह के भीतर सभी कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश दिया।

अंगनवाड़ी केन्द्रों और मिड-डे मील योजनाओं में बच्चों की उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता तथा ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों के बच्चों की स्थिति पर चर्चा हुई। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत महिलाओं और गर्भवती माताओं के अतिरिक्त पोषण पर भी विचार-विमर्श किया गया। महिलाओं से सीधा संवाद, घर-घर सेवा प्रदान करने पर जोर जिले के 18 ब्लॉकों और 13 नगर क्षेत्रों में महिलाओं से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य, भोजन और अन्य सेवाओं के लिए अधिकारियों को घर-घर जाकर कार्य करने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग को ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के पुनरूद्धार और स्वास्थ्य जांच शिविरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से पिछड़े लोगों तक अधिक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने पर जोर दिया गया।

सिंचाई विभाग को सभी बांधों, नालों और बाढ़ नियंत्रण से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश मिले। पीएचई विभाग को घर-घर मुफ्त पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने और किसी भी क्षेत्र में जल संकट न होने देने के लिए कहा गया।

ब्लॉक-स्तरीय समीक्षा में ग्रामीण आवास परियोजना की धीमी प्रगति पर असंतोष जताया गया। इसे तेजी से पूरा करने और तय समय में दूसरे चरण की शुरुआत करने के निर्देश दिए गए। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

जाति प्रमाणपत्र वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत जाति प्रमाणपत्र जारी करने में किसी भी ढिलाई को अस्वीकार्य बताते हुए कलक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी।

बैठक के अंतिम चरण में एसआईआर की प्रगति और चुनाव आयोग के हालिया निर्देशों पर चर्चा हुई। सभी चुनावी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

एसडीओ शंभुदीप सरकार ने कहा कि नागरिक विकास को लेकर उच्च स्तरीय बैठकों में कलक्टर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। इनका पालन करते हुए जनहितकारी कार्यों को समय पर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की निरंतरता बनाए रखनी होगी।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बामनगाछी में भव्य वार्षिकोत्सव समारोह 2025 संपन्न



**हावड़ा :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बामनगाछी का वार्षिकोत्सव 2025 अत्यंत उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक भव्यता के साथ आयोजित किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-पाठ्यचर्या उपलब्धियों का सम्मान करने तथा उनकी प्रतिभा को अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण आयोजन रहा। इस वर्ष समारोह की थीम समावेश रखी गई, जिसका उद्देश्य समाज में विविधता, समानता और एकता के संदेश को सशक्त रूप से प्रसारित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं हावड़ा के मंडल रेल प्रबंधक विशाल कपूर थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष प्रीति कपूर उपस्थित रहीं। उनके आगमन पर स्काउट एवं गाइड यूनिट द्वारा पारंपरिक गरिमामय स्वागत किया गया, जिसने समारोह के वातावरण को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ, जो ज्ञान, प्रगति और सृजनशीलता का प्रतीक रहा। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य समशेर कुमार सिंह ने सम्मानित अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में छात्रों को आत्मविश्वास, अनुशासन और बहुआयामी विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, चुनौतियां महानता की ओर बढ़ने के अवसर हैं-इनसे सीखते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहें। समारोह में विद्यालय के पूर्व प्राचार्य, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक एवं अन्य सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

वार्षिकोत्सव के दौरान आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को रंगारंग और जीवंत बना दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, संगीत, नाटक और विविध रचनात्मक कार्यक्रमों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्कृष्ट संगम प्रस्तुत किया और दर्शकों से उत्साहपूर्ण सराहना प्राप्त की।

## न्यूज इन ब्रीफ

### रांचीः जौहरी से छीना आभूषणों से भरा बैग

**रांचीः** रांची के गोंदलीपोखर इलाके में संदिग्धों ने एक जौहरी से शुक्रवार को 25.60 लाख रुपये मूल्य के आभूषणों से भरा बैग कथित तौर पर छीन लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अंगारा थाना क्षेत्र के पास सुबह करीब 10 बजकर 30 मिनट पर यह घटना हुई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर ने कहा, 'दो लोग दुकान के आसपास घूम रहे थे। जैसे ही मालिक ने अपनी दुकान खोलने के लिए आभूषणों से भरा बैग जमीन पर रखा, उन्होंने उसे उठा लिया और मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।' पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खांगाले जा रहे हैं ताकि दोनों आरोपियों की पहचान की जा सके।

### बिहार में छेड़खानी रोकने के लिए 'अभय ब्रिगेड' का गठन; पुलिस को कठोर कार्रवाई करने का निर्देश

**पटनाः** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में विशेष बल 'अभय ब्रिगेड' के गठन की शुक्रवार को घोषणा की जो स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सक्रिय रहकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा और छेड़खानी या उत्पीड़न की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करेगा। यहां सरदार पटेल भवन में राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए चौधरी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। गृह विभाग भी संभाल रहे चौधरी ने अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी सूचना प्रणाली विकसित करने, जमीन की गलत खरीद-फरोख्त में संलिप्त लोगों की पहचान हेतु विशेष तंत्र बनाने तथा राज्य की यातायात व्यवस्था को तीन महीने के भीतर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को उद्यमियों व औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मासिक बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। चौधरी ने स्पष्ट किया कि गृह विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता कानून-व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई को समाप्त करना है।

# नीतीश कुमार ने बिहार में तीन नए विभाग बनाने की घोषणा की



**पटनाः** बिहार सरकार ने राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर प्रदान कराने के खातिर तीन नए विभाग, सूक्ष्म-लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय (एमएसएमई) और राज्य विपणन प्रोत्साहन निगम के गठन की शुक्रवार को घोषणा की। एक अधिकारी के अनुसार, नव निर्मित विभाग- युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और नागर विमानन हैं। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'हम लोगों ने अगले पांच वर्षों (2025-30) में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए जरूरी है कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाए और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च एवं तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही लक्ष्य की उपलब्धि के लिए सघन अनुश्रवण भी किया जाए।' उन्होंने कहा, ''राज्य में अलग से तीन नए विभाग- युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग तथा नागर विमानन विभाग सृजित करने का निर्देश दिया है। इन तीन नए विभागों के सृजन से राज्य में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को नौकरी एवं रोजगार दिलाने में काफी मदद मिलेगी।' मुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्य में उच्च शिक्षा विभाग के सृजन का उद्देश्य है कि उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार हो, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिले, तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा का विकास हो और समाज के सभी वर्गों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगारपरक शिक्षा मिल सके।'' उन्होंने कहा, 'आप सभी को पता है कि राज्य में कई नए हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है एवं भविष्य में उड़ान योजना के तहत कई बड़े-छोटे नए हवाई अड्डों का निर्माण प्रस्तावित है। राज्य में अलग से नागर विमानन विभाग के सृजन से इसमें तेजी आएगी, औद्योगिक वातावरण बढ़ेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और इससे राज्य में निर्मित उत्पादों के निर्यात में मदद मिलेगी।'' इसके अलावा, राज्य सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निदेशालय और बिहार विपणन प्रोत्साहन निगम (बीएमपीसी) के गठन का भी निर्णय लिया है। एमएसएमई निदेशालय के तहत प्रत्येक जिले में विशाल कौशल केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण मिले और रोजगार के अवसर बढ़ें। बीएमपीसी के गठन से कृषि, पशुपालन, बागवानी, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, ग्रामीण उद्योग तथा लघु और कुटीर उद्योगों से जुड़े उत्पादों की उपलब्धता, गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था मजबूत होगी, जिससे युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर पैदा होंगे।

### यूपी में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में सरकार ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू कर दिया है। यह जानकारी शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। बयान के अनुसार, पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू होने के बाद जिन अवैध प्रवासियों ने अन्य राज्यों में नए ठिकाने तलाशने शुरू किए थे, उन्हें रोकने और उनकी पहचान से लेकर निर्वासित करने की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने वाला संगठित मॉडल उत्तर प्रदेश तैयार कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और अवैध घुसपैठ किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बयान में कहा गया, ''प्रदेश में जारी व्यापक सत्यापन अभियान ने घुसपैठियों के संगठित नेटवर्क को उजागर किया है। कई जिलों में बड़ी संख्या में रोहिंग्या और बांग्लादेशी संदिग्धों की पहचान हुई है। इसी दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अभियान चलाकर कई रोहिंग्या घुसपैठियों को पकड़ा, जो इस नेटवर्क की गहराई को दर्शाता है।'

## बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी से पूर्व अयोध्या, मथुरा समेत यूपी में सतर्कता और सुरक्षा बढ़ी




**लखनऊ/अयोध्या/मथुराः** बाबरी मस्जिद विध्वंस (छह दिसंबर, 1992) की बरसी से पहले भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या, श्री कृष्ण जन्म भूमि मथुरा समेत पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या और मथुरा के साथ वाराणसी, लखनऊ, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, कानपुर और प्रयागराज जैसे प्रमुख जिलों में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस के अनुसार, अयोध्या में चार दिसंबर से ही सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। राम मंदिर के पक्ष में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद विवादित स्थल पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। हाल में धर्म ध्वजा की स्थापना के साथ ही मंदिर का निर्माण पूरा हुआ है, ऐसे में छह दिसंबर को सुरक्षा एजेंसियां अत्यंत सतर्क हैं। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने बताया कि जिले के सभी थानों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चार दिसंबर से अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है और छह दिसंबर तक सुरक्षा घेरा और कड़ा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। एसएसपी ने कहा कि होटल, ढाबे, अतिथि गृह और धर्मशालाओं की लगातार जांच की जा रही है, और शहर के प्रवेश द्वारों पर वाहनों की भी निगरानी की जा रही है।

## यूपी के 20 अस्पताल आधुनिक उपकरणों से होंगे सुसज्जित, 13.46 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के 20 अस्पतालों को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने के लिए 13.46 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। पाठक ने कहा, 'अस्पतालों को आधुनिक उपकरणों से लैस किया जा रहा है। आधुनिक मशीनें खरीदी जा रही हैं, जिससे मरीजों की समय पर और सटीक जांच हो सकेगी। बीमारी की सही पहचान ही प्रभावी उपचार की दिशा तय करती है।' उन्होंने कहा कि डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड मशीनें खरीदी जाएंगी। छोटे-चीरे से मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आवश्यक मशीनें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे मरीजों को कम समय अस्पताल में रहना पड़ेगा और ऑपरेशन की सफलता दर भी बढ़ेगी। बयान के अनुसार, जिन अस्पतालों को बजट आवंटित किया गया है उनमें प्रयागराज का मोती लाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय, बरेली जिला महिला चिकित्सालय, मुरादाबाद का पंडित दीन दयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय, लखनऊ का बलरामपुर चिकित्सालय, लखीमपुर खीरी (ओयल) का ट्रॉमा सेंटर, उन्नाव बीघापुर 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय, फर्रुखाबाद का डॉ. राम मनोहर लोहिया महिला चिकित्सालय शामिल हैं। इसके अलावा महोबा, झांसी और गाजियाबाद के कई संयुक्त एवं जिला चिकित्सालयों, बुलंदशहर (खुर्जा) के एलएसपीजी चिकित्सालय और मऊ जिला चिकित्सालय को भी इस बजट से उन्नत किया जाएगा। लखनऊ के रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय और लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है। औरैया जिले के बिधूना स्थित 50 शैय्या युक्त डॉ. राम मनोहर लोहिया नेत्र चिकित्सालय को भी इस मद से लाभ मिलेगा। मिर्जापुर में नवनिर्मित 50-बिस्तरा अस्पताल में नेत्र रोग विभाग स्थापित किया जाएगा, जहां आंखों की बीमारियों का सटीक इलाज संभव होगा। विभाग के लिए अलग वार्ड भी बनाया जाएगा। पाठक ने बताया कि कई स्थानों पर भवन निर्माण पूर्ण हो चुका है, लेकिन ऑपरेशन थियेटर और अन्य आवश्यक सुविधाओं के अभाव में चिकित्सा सेवा शुरू नहीं हो पा रही थी। इसलिए अस्पतालों में आधुनिक उपकरणों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

## न्यूज अपडेट

### राष्ट्र विरोधी बयान देने के आरोप में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



**लखनऊः** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। गायिका पर कश्मीर के पहलगाम में 26 पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या करने की घटना के सिलसिले में सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ निराधार, धर्म-विरोधी और राष्ट्र-विरोधी बयान देने का आरोप है। न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने राठौर की अग्रिम जमानत याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि वह पिछली पीठ के आदेशानुसार जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं, जिसने उनकी प्राथमिकी रद्द करने संबंधी याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भी प्राथमिकी रद्द करने की उनकी याचिका पर उन्हें राहत नहीं दी थी और उन्हें केवल उचित समय पर रिहाई की अनुमति दी थी। इस घटना में नेहा के खिलाफ 27 अप्रैल, 2025 को लखनऊ के हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसकी जांच जारी है।

### उत्तर प्रदेश में जाली दस्तावेजों के जरिए 100 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी, गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने एक संगठित गिरोह के कथित सरगना समेत आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है जिन पर जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके कई बैंकों से 100 करोड़ रुपये से अधिक के आवास ऋण लेने का आरोप है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ के अनुसार, ये गिरफ्तारियां चार दिसंबर को गौतमबुद्ध नगर के सूरजपुर क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक के एक अधिकारी की शिकायत पर शुरू हुई जांच के बाद की गईं। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि आरोपियों की पहचान गाजियाबाद निवासी रामकुमार व अनुज यादव, दिल्ली निवासी नितिन जैन अशोक उर्फ दीपक जैन उर्फ रिंकी, झारखंड निवासी मोहम्मद वसी, बिहार निवासी शमशाद आलम, हरियाणा के गुरुग्राम निवासी इंद्र कुमार कर्माकर, उत्तर प्रदेश के संभल निवासी ताहिर हुसैन के रूप में हुई है। एसटीएफ ने गिरोह से 126 चेकबुक और पासबुक, 170 एटीएम कार्ड, 45 आधार कार्ड, 27 पैन कार्ड, वोटर आईडी, 26 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, तीन गाड़ियां, और बड़ी संख्या में जाली रजिस्ट्री, समझौता पत्र व अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। बयान में कहा कि गिरोह से जुड़े लगभग 220 बैंक खातों में लेन-देन रोक दिया गया है।

### उत्तर प्रदेश में फर्जी कंपनी बनाकर 10 करोड़ रुपये की कर चोरी; तीन लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर (उप्र):** शाहजहांपुर जिले में फर्जी कंपनी बनाकर 10 करोड़ रुपये की कर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना रोजा में राज्य कर सहायक आयुक्त भावना चंद्र ने 28 मई को शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ फर्में वाणिज्य कर की चोरी में लिप्त हैं। प्रारंभिक जांच के लिए बनी टीम को कुछ सफलता मिलने पर एसआईटी का गठन किया गया, जिसने मामले का खुलासा किया। द्विवेदी के अनुसार, 'पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सोशल मीडिया मंच पर ऋण देने के नाम पर लोगों को झांसा देते थे। ऋण लेने वालों के पैन कार्ड, बिजली बिल, आधार कार्ड आदि दस्तावेज हासिल कर उनकी फर्जी पहचान से कंपनी बनाकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत करा लेते थे।' उन्होंने कहा, 'इन फर्जी कंपनियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर लेनदेन दिखाकर कर की चोरी की जाती थी।'

# समीक्षा व्यापार

## दर कटौती का लाभ आगे बढ़ाने पर होगा जोर, जमा दरों में नरमी का अनुमान: गवर्नर



**मुंबईः** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक का जोर अब इस बात पर होगा कि रेपो दर में कटौती का लाभ बैंकों से कर्ज लेने वालों को मिले। उन्होंने यह भी कहा कि आगे जमा दरों में नरमी आने का अनुमान है और लोगों से अपील की कि वे बचत के लिए धन जमा करते समय चालू ब्याज दर के बजाय वास्तविक ब्याज दर को देखें, जो अभी काफी ऊंची है। नीतिगत समीक्षा के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा, ''हमने रेपो दर में फिर 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। अब हमें मौद्रिक नीति का लाभ आगे पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करना है।' इस साल आरबीआई ने प्रमुख ब्याज दर में कुल 1.25 प्रतिशत की कमी की है। गवर्नर ने बताया कि आरबीआई को उम्मीद है कि जमा दरें और नीचे आएंगी। उन्होंने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि आगे चलकर, खासकर इस कटौती के बाद, जमा दरें कुछ हद तक और कम होंगी।' मल्होत्रा ने कहा कि कम महंगाई से जमा करने वाले को वास्तविक लाभ ज्यादा होता है, क्योंकि महंगाई का घटक बहुत कम है। उन्होंने कहा, 'जब महंगाई इतनी कम है और आगे भी कम रहेगी, तो भले ही ब्याज दर कम लगे, लेकिन महंगाई के मुकाबले ब्याज दरें काफी ऊंची हैं।' उधारी के मोर्चे पर उन्होंने कहा कि आरबीआई को उम्मीद नहीं है कि बैंक ऋण वृद्धि जीडीपी वृद्धि से दोगुनी हो जाए। वित्त वर्ष 2011-12 से पहले ऐसा था और उस दौरान प्रणाली में भारी मात्रा में फंसे कर्ज जमा हो गए थे।

### चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत किया

**मुंबईः** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि दर का अनुमान 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया। यह संशोधन जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की मजबूत आर्थिक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए किया गया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में आर्थिक गतिविधियों को आयकर एवं जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, सरकार के पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी और कम मुद्रास्फीति के कारण सहज मौद्रिक परिस्थितियों का लाभ मिला है।

### आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति अनुमान घटाकर दो प्रतिशत किया

**मुंबईः** भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को 2.6 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। मुद्रास्फीति के लक्ष्य को लेकर 2016 में लचीली व्यवस्था अपनाये जाने के बाद पहली बार हेडलाइन (खुदरा) मुद्रास्फीति 2025-26 की दूसरी तिमाही में औसतन 1.7 प्रतिशत रही। यह आरबीआई को दिये गये लक्ष्य के निचले स्तर दो प्रतिशत से भी कम है। आरबीआई को दो प्रतिशत घट बढ़ के साथ मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो से छह प्रतिशत) रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। यह अक्टूबर 2025 में और भी घटकर केवल 0.3 प्रतिशत पर आ गई जो अब तक का सबसे निचला स्तर है।

### रुपये की कीमत का लक्षित स्तर या दायरा नहीं, खुद पाएगा अपना सही स्तरः आरबीआई गवर्नर

**मुंबईः** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये के लिए कोई लक्षित स्तर या दायरा नहीं रखता है और घरेलू मुद्रा को खुद ही अपना 'सही स्तर' खोजने की अनुमति देता है। मल्होत्रा का यह बयान ऐसे समय में आया है जब रुपया इसी हफ्ते अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर को पार कर अपने सबसे निचले भाव पर पहुंच गया। बृहस्पतिवार को इसने 90.43 रुपये प्रति डॉलर का रिकॉर्ड निचला स्तर छुआ था। मल्होत्रा ने कहा, हम रुपये के लिए मूल्य का कोई स्तर या दायरा नहीं रखते हैं। हम बाजारों को ही कीमतें तय करने देते हैं। लंबी अवधि में बाजार काफी प्रभावी होते हैं। यह एक बहुत बड़ा बाजार है। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव होते रहते हैं और आरबीआई का प्रयास हमेशा असामान्य या अत्यधिक उतार-चढ़ाव को कम करना होता है।

## ब्याज दर में कटौती से बाजार ने पकड़ी रफ्तार, सेंसेक्स 447 अंक उछला



**मुंबईः** रेपो दर में कटौती और नकदी बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक के नीतिगत कदमों की घोषणा से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में खासी तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 447 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 153 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 447.05 अंक यानी 0.52 प्रतिशत चढ़कर 85,712.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 531.4 अंक तक उछल गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 152.70 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 26,186.45 अंक पर पहुंच गया। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। बृहस्पतिवार को भी दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए थे। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में महज 5.7 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 16.5 अंक के नुकसान में रहा। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत कर दिया। यह इस साल जून के बाद नीतिगत दर में पहली कटौती है। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति के तटस्थ रुख को भी बरकरार रखा। नीतिगत वक्तव्य में आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान 2.6 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया जबकि जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया।

## सरकार का जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र की हिस्सेदारी तीन गुना करने का लक्ष्यः शाह




**गांधीनगरः** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अपनी 'निश्चित रणनीति' के तहत सरकार का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में देश की जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र के योगदान को तीन गुना करना और 50 करोड़ से ज़्यादा सक्रिय सहकारी सदस्य बनाना है। शाह ने गांधीनगर के 'महात्मा मंदिर' सम्मेलन केंद्र में आयोजित 'अर्थ समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने वर्ष 2030 तक वैश्विक जैविक बाजार में भारत का हिस्सा 20 प्रतिशत और वर्ष 2035 तक 40 प्रतिशत तक बढ़ाने का भी लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करना चाहती है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद ग्रामीण विकास, खेती, पशुपालन और सहकारिता क्षेत्र को देश के आर्थिक प्रणाली और पूरे विकास के ज़रूरी हिस्सों के तौर पर पहचाना गया। शाह ने कहा, 'पूरी तरह से विकसित भारत के दृष्टिकोण में हर नागरिक की भलाई शामिल है, और उस लक्ष्य को पाने के लिए सहकारिता, खेती, पशुपालन और ग्रामीण विकास क्षेत्र पर ध्यान देना ज़रूरी है।'

## न्यूज अपडेट

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.88 अरब डॉलर घटकर 686 अरब डॉलर पर

**मुंबईः** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.88 अरब डॉलर घटकर 686.23 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर घटकर 688.10 अरब डॉलर रह गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 28 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.57 अरब डॉलर घटकर 557.03 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

### इंडिगो के शेयरों में चार दिनों में सात प्रतिशत से अधिक गिरावट

**नयी दिल्लीः** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में पिछले चार दिनों में सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। यह गिरावट एयरलाइन की उड़ानों के रद्द होने के बाद आई है। एयरलाइन ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिससे हजारों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। पिछले चार कारोबारी दिनों में बीएसई पर इस शेयर में 7.23 प्रतिशत की गिरावट आई है। शुक्रवार को यह शेयर 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,371.30 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 3.15 प्रतिशत गिरकर 5,266 रुपये पर आ गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर 1.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,367.50 रुपये पर बंद हुआ।

### रेपो दर में कटौती के बाद रुपया छह पैसे टूटकर 89.95 रुपये प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबईः** अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपनी शुरुआती बढ़त गंवा बैठा और कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले छह पैसे टूटकर 89.95 पर बंद हुआ। छह महीने में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दर में कटौती के बाद यह गिरावट आई है। विदेशीमुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रिजर्व बैंक के ब्याज दर में कटौती करने से रुपये पर दबाव पड़ेगा, लेकिन रिजर्व बैंक के खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) के जरिए एक लाख करोड़ रुपये तक के सरकारी बॉन्ड खरीदने के फैसले के साथ-साथ पांच अरब डॉलर के खरीद-बिक्री अदला-बदली से रुपये को समर्थन मिलेगा।

### यूरोपीय संघ नियामकों ने एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 12 करोड़ यूरो का जुर्माना लगाया

**लंदनः** यूरोपीय संघ के नियामकों ने शुक्रवार को एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर डिजिटल नियमों का पालन न करने के लिए 12 करोड़ यूरो (लगभग 14 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया। यूरोपीय आयोग ने यह निर्णय दो साल पहले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के खिलाफ शुरू की गई जांच के बाद लिया है। यह जांच 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम (डीएसए) के तहत की गई थी। डीएसए एक व्यापक कानून है जो सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन मंच से कहता है कि यूरोप के उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए वे ज्यादा जिम्मेदारी लें और अपनी साइट पर आने वाली हानिकारक या गैर-कानूनी सामग्री तथा उत्पादों को तुरंत हटाएं। अगर वे ऐसा नहीं करते तो बहुत भारी जुर्माना लग सकता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### लाल किला विस्फोट मामला: आरोपी सोयब की एनआईए हिरासत 10 दिन बढ़ाई गई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट मामले में आत्मघाती बम हमलावर उमर-उन-नबी की मदद करने के आरोपी फरीदाबाद के निवासी सोयब की एनआईए हिरासत की अवधि शुक्रवार को 10 दिन के लिए बढ़ा दी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 26 नवंबर को मिली 10 दिन की पिछली हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद शुक्रवार को सोयब को पटियाला हाउस अदालत में पेश किया। मामले की सुनवाई कवर करने के लिए मीडिया कर्मियों पर रोक लगी थी। आरोपी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चंदना के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने हिरासत की अवधि 10 दिन बढ़ा दी।

### राज्यसभा : सदस्यों ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण की जरूरत पर दिया जोर

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में शुक्रवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि ऐसे अपराध जीवन भर पीड़ितों को परेशान करते रहते हैं और उनका स्वाभाविक विकास भी प्रभावित होता है। इसके साथ ही कई सदस्यों ने पारंपरिक पारिवारिक ढांचा और सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने की जरूरत पर भी बल दिया और कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। बच्चों द्वारा मोबाइल फोन के अति उपयोग को लेकर भी सदस्यों ने चिंता जतायी। सदस्यों ने यह राय राकांपा-एसपी सदस्य फौजिया खान के निजी विधेयक यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2024 पर उच्च सदन में हुई चर्चा में भाग लेते हुए जाहिर की।

### दिल्ली की अदालत ने गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की एनआईए हिरासत सात दिन के लिए बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को दी गयी हिरासत सात दिन के लिए और बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने कड़ी सुरक्षा के बीच एनआईए के मुख्यालय में हुई सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। पटियाला हाउस अदालत में निर्धारित सुनवाई नहीं हुई, क्योंकि एनआईए ने पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी द्वारा दी गई धमकियों के कारण बिश्नोई की सुरक्षा को गंभीर खतरा बताया था। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने मामले की जांच के आधार पर अनमोल की हिरासत सात दिन और बढ़ाने का अनुरोध किया, जिसे न्यायाधीश ने स्वीकार कर लिया।

### भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कांग्टो को फतह किया

**ईटानगर :** भारतीय सेना की पूर्वी कमान की एक टीम अरुणाचल प्रदेश की सबसे ऊंची चोटी माउंट कांग्टो को फतह करने वाली पहली टीम बन गई है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि माउंट कांग्टो की ऊंचाई 7,042 मीटर है और यह देश के पर्वतारोहण इतिहास में एक मील का पत्थर है। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अतुल श्रीधरन ने एक बयान में बताया कि अत्यंत चुनौतीपूर्ण दक्षिणी मार्ग से होते हुए टीम ने अब तक अजेय रही चोटी को सफलतापूर्वक फतह किया। उन्होंने बताया कि इस चोटी को लंबे समय से कामेंग हिमालय का अभेद्य प्रहरी माना जाता है। सेना के पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी. तिवारी ने औपचारिक रूप से टीम का औपचारिक रूप से स्वागत किया और पर्वतारोहियों के असाधारण साहस, सहनशक्ति और पेशेवर रुख की सराहना की। सेना द्वारा जारी बयान के मुताबिक 18 सदस्यीय अभियान दल को तीन नवंबर को गजराज कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) द्वारा अग्रिम चौकी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

# 'साथ चलें, साथ बढ़ें' भारत-रूस साझेदारी की पहचान : रात्रिभोज में बोले राष्ट्रपति पुतिन



**नयी दिल्ली :** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा संपन्न हो गया है। इससे पहले वे राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज में शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत और रूस के संबंधों को 'एक साथ चलो, एक साथ बढ़ो' वाली सोच का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि यह शब्द केवल नारा नहीं, बल्कि दोनों देशों की गहरी मित्रता और साझेदारी की असली तस्वीर हैं। इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने भारत की स्थिर विदेश नीति, वैश्विक मुद्दों पर संतुलित रुख और मित्रता निभाने की परंपरा की भी प्रशंसा की।

**'भारत और रूस दशकों से एक-दूसरे के भरोसेमंद साथी'**

इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि भारत और रूस दशकों से एक-दूसरे के भरोसेमंद साथी रहे हैं और यह रिश्ता आगे भी मजबूत होता रहेगा। उनका कहना था कि रूस भारत के साथ हर क्षेत्र में, चाहे रक्षा हो, ऊर्जा हो, तकनीक हो या व्यापार - और अधिक सहयोग बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस इस राजकीय यात्रा के दौरान किए गए रचनात्मक कार्यों और फलदायी कार्यों की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान लिए गए फैसले आने वाले समय में दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं और जनता के जीवन पर सकारात्मक असर डालेंगे। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा, 'हम सब कुछ करेंगे ताकि भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी आगे बढ़े, और दोनों देशों के लोगों का भला हो।'

### आज का दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है- राष्ट्रपति मुर्मू



वहीं इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'आज का दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि हम भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं... भारत-रूस साझेदारी शांति, स्थिरता और पारस्परिक सामाजिक-आर्थिक और तकनीकी प्रगति के लिए साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। वर्ष 2025 हमारे बहुआयामी संबंधों के लिए एक अत्यंत सफल वर्ष रहा है... 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए जारी संयुक्त वक्तव्य हमारे विशेष संबंधों को व्यक्त करता है और हमारे द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रदान करता है।'

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ महत्वपूर्ण शिखर वार्ता से पहले राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत के दौरान 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। पुतिन के इस दौरे पर पश्चिमी देशों की नजर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मोदी ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में रूसी राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री ने रूसी नेता को निजी रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया था। औपचारिक स्वागत के बाद, पुतिन राजघाट पहुंचे और वहां महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। रूसी राष्ट्रपति कल शाम लगभग सात बजे नयी दिल्ली पहुंचे थे। वह चार साल बाद भारत की यात्रा पर आए हैं। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से उनका स्वागत किया। शिखर वार्ता के दौरान रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने, भारत-रूस व्यापार को बाहरी दबावों से सुरक्षित रखने और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के क्षेत्र में सहयोग तलाशने पर मुख्य रूप से चर्चा होने की उम्मीद है। भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव की पृष्ठभूमि में पुतिन की यह भारत यात्रा और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मोदी-पुतिन वार्ता के बाद, दोनों पक्षों के बीच कई समझौते होने की संभावना है। इनमें से एक समझौता भारतीय श्रमिकों को रूस भेजने की प्रक्रिया को सरल बनाने पर और दूसरा रक्षा सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत लॉजिस्टिक समर्थन से जुड़ा होगा।

## राष्ट्रपति भवन पर रात्रिभोज; थरूर को न्योता, राहुल-खरगे को नहीं बुलाने पर भड़की कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का आयोजन किया जा रहा है। इस रात्रिभोज में राष्ट्रपति भवन की ओर से कांग्रेस सांसद शशि थरूर को न्योता दिया गया है। वहीं कांग्रेस ने दावा किया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बुलावा नहीं आया है। इस पर कांग्रेस ने सरकार पर फिर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी को कोई न्योता नहीं मिला है। यह हैरानी की बात है, लेकिन हमें हैरान नहीं होना चाहिए क्योंकि यह सरकार सभी प्रोटोकॉल तोड़ने की आदी है। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, इस बात की अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता और राज्यसभा में विपक्ष के नेता को राष्ट्रपति पुतिन के सम्मान में आज रात आयोजित रात्रिभोज में बुलाया गया है।

**मुझे आमंत्रित किया गया है..मैं निश्चित रूप से जाऊंगा- शशि थरूर**

वहीं रात्रिभोज में बुलाए जाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि एक समय था जब विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष को नियमित रूप से आमंत्रित किया जाता था लेकिन यह प्रथा कुछ वर्षों से बंद हो गई है। संसद की विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष ने कहा, यह फिर से शुरू हो गया है...मुझे आमंत्रित किया गया है, हां। मैं निश्चित रूप से जाऊंगा।

## पिछले साल सड़क हादसों में मौत के मामले बढ़कर 1.77 लाख हुए: गडकरी

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि भारत में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 2024 में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख से अधिक हो गई, जिसका अर्थ है कि हर दिन 485 लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि फरवरी 2020 में सड़क सुरक्षा पर तीसरे वैश्विक मंत्री स्तरीय सम्मेलन में अपनाए गए 'सड़क सुरक्षा पर स्टॉकहोम घोषणापत्र' में 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और चोटों को 50 प्रतिशत तक कम करने का एक नया वैश्विक लक्ष्य रखा गया है। गडकरी



ने कहा, ''राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से मिली जानकारी के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान देश में सभी श्रेणी की सड़कों पर दुर्घटना में मरने वालों की कुल संख्या 1,77,177 थी, जिसमें ईडीएआर पोर्टल से लिया गया पश्चिम बंगाल का डेटा भी शामिल है।'' उन्होंने कहा कि कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान देश में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस विभाग ने कुल 4,80,583 सड़क हादसों की रिपोर्ट दी है, जिनमें 1,72,890 लोगों की जान गई और 4,62,825 लोग घायल हुए। मंत्री ने कहा कि 'वर्ल्ड रोड स्टेटिस्टिक्स 2024' के अनुसार, चीन में प्रति लाख आबादी पर सड़क दुर्घटनाओं में मौत की दर 4.3 और अमेरिका में 12.76 है, जबकि भारत में यह आंकड़ा 11.89 है। गडकरी ने कहा कि सरकार ने सड़क सुरक्षा के मुद्दे को हल करने के लिए 4-'ई' यानी एजुकेशन (शिक्षा), इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन दोनों की), एनफोर्समेंट (प्रवर्तन) और इमरजेंसी केयर (आपातकालीन उपचार) पर आधारित एक बहुआयामी रणनीति बनाई है।

## सार्वजनिक लेन-देन में सरलता सुशासन: उच्चतम न्यायालय, किया सहकारी समितियों के लिए नियम रद्द

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि सार्वजनिक लेन-देन में सरलता ही 'सुशासन' है। इसी के साथ न्यायालय ने झारखंड सरकार के 2009 के उस निर्देश को खारिज कर दिया, जिसमें स्टाम्प शुल्क में छूट मांगने वाली सहकारी समितियों के लिए अतिरिक्त बाधाएं लगा दी गयी गई थीं। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने कहा कि ऐसे कार्यकारी आदेश जो ''अनावश्यक और अत्यधिक शर्तें'' थोपते हैं, अवैध हैं और उन्हें रद्द किया जाना चाहिए। फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा, ''सार्वजनिक लेन-देन में सरलता ही सुशासन है। संवैधानिक अदालतें कानून के शासन को सुदृढ़ करने और न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इस गुण को बनाये रखती हैं। प्रशासनिक कानून में, सरलता का अर्थ है कि कानून, नियम और प्रक्रियाएं स्पष्ट, सरल और समझने में आसान होनी चाहिए, जिससे उनका सहज अनुपालन हो सके।'' उन्होंने कहा, ''प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जटिलता, अनावश्यक जरूरतों और अनावश्यक बोझ से बचना चाहिए क्योंकि ये समय बर्बाद करते हैं, खर्च बढ़ाते हैं और मानसिक शांति को भंग करते हैं।'' झारखंड सरकार ने निर्देश जारी करके सहकारी समितियों द्वारा संपत्ति हस्तांतरण दस्तावेजों के पंजीकरण को सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार से अतिरिक्त सत्यापन पर निर्भर बना दिया था।

## दस मिनट में सेवाएं देने वाले 'डिलीवरी ब्वॉय' की हालत दिहाड़ी मजदूरों से भी बदतर : राघव चड्ढा

**नयी दिल्ली :** ऑर्डर देने के बाद दस मिनट के भीतर या यथाशीघ्र सेवाएं देने वाले 'डिलीवरी ब्वॉय (आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधि)' की समस्याएं उठाते हुए आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि ''भारतीय अर्थव्यवस्था के इन अनदेखे पहियों'' की खामोशी के पीछे रोजगार की जरूरत और उसे लेकर व्याप्त असुरक्षा इन्हें अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर करती है। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए चड्ढा ने कहा ''जोमैटो, स्विगी के डिलीवरी ब्वॉय, ओला एवं उबर के ड्राइवर, ब्लिंकिट एवं जैप्टो के राइडर एवं अर्बन कंपनी के प्लंबर या ब्यूटीशियन वैसे तो गिग



वर्कर हैं लेकिन वास्तव में ये लोग भारतीय अर्थव्यवस्था के अनदेखे पहिये हैं।'' उन्होंने कहा कि लोगों की जिंदगी में अहम बदलाव लाने वाली ई कॉमर्स और इन्स्टा डिलीवरी कंपनियां इन ''खामोश कार्यबल'' की बदौलत अरबों रुपये कमा चुकी हैं और कमा रही हैं लेकिन यह बदलाव लाने वाले और इन कंपनियों को अरबपति बनाने वाले कामगारों की हालत दिहाड़ी मजदूरों से भी बदतर है। चड्ढा ने कहा कि तेज गति और आपूर्ति समय के दबाव के चलते यह गिग वर्कर सोचता है कि अगर देर हुआ तो रेटिंग गिर जाएगी, प्रोत्साहन राशि कट जाएगा, ऐप लॉगआउट कर देगा या आईडी ब्लॉक कर देगा। उन्होंने कहा कि इसी डर से वह लाल बत्ती को नजरअंदाज कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए शीघ्रता से सामान की आपूर्ति करने का प्रयास करता है।

## बांसुरी स्वराज ने ब्रज घाट पर पिता स्वराज कौशल की अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं



**हापुड़ (उप्र) :** मिजोरम के पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ अधिवक्ता स्वराज कौशल के अंतिम संस्कार के एक दिन बाद उनकी बेटी और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार सुबह बृजघाट पर परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों के साथ उनकी अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं। बांसुरी स्वराज हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार अस्थि विसर्जन करने के लिए करीबी रिश्तेदारों के साथ बृजघाट पहुंचीं। नम आंखों से उन्होंने अपने पिता की अस्थियों के विसर्जन के लिए विभिन्न रस्में पूरी कीं जबकि पंडितों ने पारंपरिक पूजा-पाठ किया। स्थानीय जन प्रतिनिधि, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ घाट पर पहुंचे और कौशल को श्रद्धांजलि दी।

## एसआईआर के दूसरे चरण में 97 प्रतिशत गणना प्रपत्र वेबसाइट पर अपलोड : निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत अब तक 49 करोड़ से अधिक या लगभग 97 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को आधिकारिक वेबसाइट पर 'अपलोड' किया जा चुका है। आयोग ने एसआईआर को लेकर अपने दैनिक बुलेटिन में कहा कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 99.90 प्रतिशत या (51 करोड़ मतदाताओं में से 50.92 करोड़) को गणना प्रपत्र प्रदान किये जा चुके हैं। आयोग ने बताया कि समयसीमा में संशोधन के बाद अब गणना प्रपत्र 11 दिसंबर तक जमा किये जा सकेंगे। आयोग छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करा रहा है। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने नवंबर में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की घोषणा की थी। असम में भी 2026 में भी चुनाव होने हैं और निर्वाचन आयोग ने यहां नवंबर में एसआईआर घोषित किया था।

## मंदिर का पैसा अराध्य का, इसका इस्तेमाल सहकारी बैंक को बचाने के लिए नहीं किया जा सकता : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि किसी मंदिर के अराध्य के धन का उपयोग वित्तीय संकटग्रस्त सहकारी बैंकों को सहारा देने के लिए नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह कड़ी टिप्पणियां कुछ सहकारी बैंकों द्वारा दायर अपील पर सुनवाई के दौरान कीं। अपील में केरल उच्च न्यायालय के उस निर्देश को चुनौती दी गई थी, जिसमें बैंकों से थिरुनेल्ली मंदिर देवास्वोम को जमा राशि लौटाने को कहा गया था। प्रधान न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान सवाल किया, ''आप मंदिर के धन का उपयोग बैंक को बचाने के लिए करना चाहते हैं? यह निर्देश देने में क्या गलत है कि मंदिर का धन, संकट ग्रस्त सहकारी बैंक में रखने के बजाय एक आर्थिक रूप से सुदृढ़ राष्ट्रीयकृत बैंक में जमा किया जाना चाहिए जो अधिकतम ब्याज दे सके।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मंदिर का धन वहां के अराध्य का है और इसलिए, इस धन को ''केवल मंदिर के हितों के लिए ही बचाया, संरक्षित और उपयोग किया जाना चाहिए'' तथा यह किसी सहकारी बैंक के लिए आय या जीवनयापन का स्रोत नहीं बन सकता।

## पान मसाला का विज्ञापन करने वाले अभिनेताओं के पुरस्कार वापस लेने की लोकसभा में उठी मांग

**नयी दिल्ली :** पान मसाला और गुटके को बढ़ावा देने के लिए इनका विज्ञापन कर रहे फिल्म अभिनेताओं को उनके बेहतर अभिनय के लिए मिले पुरस्कार वापस लिए जाने की मांग शुक्रवार को लोकसभा में उठी। निचले सदन में गुजरात में शराबबंदी खत्म करने का मुद्दा भी उठाया गया। पान मसाला पर उपकर लगाने संबंधी 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के हनुमान बेनीवाल ने कहा कि किसी मामले में कानून बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण उस पर अमल करना होता है। उन्होंने कहा कि देश में तमाम ऐसे कानून हैं, जिसका खुलेआम उल्लंघन होता है और ऐसे में अनुपालन के अभाव में कानून बनाने का उद्देश्य विफल हो जाता है। बेनीवाल ने शाहरूख खान, अजय देवगन और सलमान खान जैसे मशहूर अभिनेताओं के नाम का सीधा उल्लेख करते हुए कहा कि ''ऐसे अदाकार विज्ञापन के जरिये स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पान मसाला और गुटकों के सेवन को बढ़ावा देते हैं।''

### पान मसाला पर उपकर लगाने वाले विधेयक को लोकसभा ने मंजूरी दी

लोकसभा ने पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पर हुई चर्चा का जवाब दिया, जिसके बाद सदन ने विभिन्न संशोधनों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी। चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह किसी भी वित्त मंत्री की जिम्मेदारी होती है कि राजस्व बढ़ाया जाए ताकि विभिन्न क्षेत्रों में मांग को पूरा किया जा सके, लेकिन यहां एक सरकार है जिसने कर के दायरे को घटाया है।

## प्रधानमंत्री सोमवार को लोकसभा में, शाह मंगलवार को राज्यसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा की शुरूआत करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर आठ दिसंबर को लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करेंगे, जबकि गृह मंत्री अमित शाह नौ दिसंबर को राज्यसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। चुनाव सुधारों पर चर्चा लोकसभा में नौ और 10 दिसंबर को, जबकि राज्यसभा में इस मुद्दे पर 10 और 11 दिसंबर को चर्चा होने की संभावना है। चुनाव सुधारों पर चर्चा में, मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भी शामिल है। सूत्रों ने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री मोदी संसद के निचले सदन में दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् पर चर्चा की शुरुआत करेंगे, जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई अन्य मंत्री भी दिन भर चलने वाली चर्चा में भाग लेंगे। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा में चर्चा का अंतिम वक्ता सत्तारूढ़ भाजपा से होगा। राज्यसभा में गृह मंत्री शाह चर्चा की शुरुआत करेंगे और उच्च सदन के नेता जे पी नड्डा भी चर्चा में भाग लेंगे। चुनाव सुधारों पर चर्चा के बारे में, सूत्रों ने कहा कि चर्चा व्यापक विषय के सभी पहलुओं को शामिल करेगी और केवल एसआईआर तक ही सीमित नहीं रहेगी। एक सूत्र ने कहा, ''यह ध्यान रखें कि चर्चा चुनाव सुधारों के विषय पर होगी, न कि केवल एसआईआर पर।'' दोनों विषयों (वंदेमातरम् और चुनाव सुधारों) पर चर्चा कराने का निर्णय सर्वदलीय बैठक और राज्यसभा एवं लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठकों के बाद लिया गया। इससे एसआईआर पर चर्चा की विपक्ष की मांग को लेकर दोनों सदनों में व्याप्त गतिरोध समाप्त हो गया।

## 'कवच' पर तेजी से काम जारी, इसे 1980-90 के दशक में ही हो जाना चाहिए था: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि देश में स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' पर तेजी से काम किया जा रहा है, जबकि यह कार्य 1980 या 1990 के दशक में ही पूरा हो जाना चाहिए था। प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में मंत्री ने कहा कि दुनिया के कई देशों ने यह प्रणाली काफी पहले ही स्थापित कर ली थी, लेकिन भारत में पूर्ववर्ती सरकारों ने इस दिशा में कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा, यह बहुत जटिल प्रणाली है और रेलवे के हर सेक्शन के लिए अलग-अलग डिजाइन करनी पड़ती है। हमारी टीम दिन-रात काम कर रही है ताकि वह काम, जो 1980 या 1990 के दशक में होना चाहिए था, 2014 के बाद से तेजी से पूरा किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी के नेतृत्व में इस परियोजना को आगे बढ़ाया गया है। मंत्री ने बताया कि पूरे देश में 'कवच' प्रणाली का काम तेजी से चल रहा है और इसमें ओडिशा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इससे बेहतरीन परिणाम मिल रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि 'कवच' प्रणाली पांच मुख्य उप-प्रणालियों से मिलकर बनी एक अत्यंत जटिल तकनीक है। उन्होंने बताया कि इसमें रेलवे ट्रैक के साथ ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाना, निश्चित दूरी पर टेलीकॉम टावर लगाना, हर मध्य (इंटरमीडियेट) स्टेशन पर कवच डेटा सेंटर स्थापित करना, हर कुछ सौ मीटर पर ट्रैक कवच सिस्टम लगाना और लोकोमोटिव पर कवच डिवाइस स्थापित करना शामिल है। मंत्री ने कहा कि इन सभी चरणों पर कार्य तेज गति से चल रहा है और प्रणाली से सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त हो रहे हैं।

### 'लोअर बर्थ' उपलब्ध रहने पर वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को मिलता है: वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि वरिष्ठ नागरिकों और 45 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों को सीट उपलब्ध रहने पर स्वतः ही 'लोअर बर्थ' मिल जाता है। उन्होंने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को दी जाने वाली कुछ सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों और गर्भवती महिलाओं के लिए स्लीपर श्रेणी में प्रत्येक डिब्बे में छह से सात 'लोअर बर्थ', वातानुकूलित 3 टियर श्रेणी में प्रत्येक डिब्बे में चार से पांच 'लोअर बर्थ' और वातानुकूलित 2 टियर श्रेणी में प्रत्येक डिब्बे में तीन से चार 'लोअर बर्थ' का संयुक्त कोटा निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने राजधानी/शताब्दी जैसी ट्रेनों सहित सभी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में दिव्यांगजनों और उनके सहायकों के लिए आरक्षण कोटे के प्रावधानों का जिक्र किया। इसके तहत स्लीपर और 3एसी श्रेणी में प्रत्येक में चार बर्थ (दो लोअर और दो मिडिल बर्थ सहित) और आरक्षित द्वितीय श्रेणी /वातानुकूलित चेयरकार में चार सीटें दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित की गई हैं।

## मुंबई उच्च न्यायालय ने लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने की मस्जिद की याचिका खारिज की

**नागपुर :** मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति देने के अनुरोध से संबंधित एक मस्जिद की याचिका खारिज कर दी और कहा कि उसे धार्मिक कार्यों को अधिकार का मामला बताकर लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने का हक नहीं है। अदालत ने उच्चतम न्यायालय के आदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी धर्म में ध्वनि उपकरणों का इस्तेमाल करके या ढोल बजाकर प्रार्थना करने का आदेश नहीं है। न्यायमूर्ति अनिल पंसारे और न्यायमूर्ति राज वाकोड़े की पीठ ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण का मुद्दा बार-बार सामने आ रहा है। अदालत ने स्वत: संज्ञान लेते हुए महाराष्ट्र सरकार को एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने एक दिसंबर के आदेश में गोंदिया जिले की मस्जिद गौसिया की याचिका खारिज कर दी,



जिसमें नमाज के लिए लाउडस्पीकर उपयोग करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता यह दिखाने के लिए कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका कि लाउडस्पीकर का उपयोग उनके धार्मिक कार्यों के लिए अनिवार्य/आवश्यक है। अदालत ने कहा, याचिकाकर्ता को धार्मिक कार्यों को अधिकार का मामला बताकर लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने का हक नहीं है। लिहाजा याचिका खारिज की जाती है।




वर्ष 10, पूर्णांक 3434 अंक 244, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in